वर्ष 24, अंक 231, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 1 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईरान ने एक साथ दागी 400 मिसाइलें

# 8 देशों पर भीषण अटैक

**ईरान**

**बहरीन** के जुफेयर इलाके में घने धुएं की एक परत देखी गई, जहाँ यूनाइटेड स्टेट्स का फिफ्थ फ्लीट नेवल बेस है। यूनाइटेड स्टेट्स और इजराइल की मिली-जुली मिलिट्री कार्रवाई के बाद देश पर ईरानी मिसाइलों से हमला हुआ। बहरीन ने कन्फर्म किया है कि अमेरिकी नेवी के 5इँ फ्लीट के हेडक्वार्टर को मिसाइल हमले में टारगेट किया गया था। सरकारी न्यूज एजेंसी ने कुवैत में अली अल-सलेम बेस और अबू धाबी में अल धाफरा बेस पर भी हमलों की खबर दी। कुवैत ने ईरानी हमलों के बाद अपनी रक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखा रॉयटर्स के अनुसार, कुवैती विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, कुवैत ने ईरानी हमलों के बाद अपनी रक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इजराइली और अमेरिकी बेस पर हमले का दावा किया



ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शनिवार को कहा कि ईरानी मिसाइल हमलों ने इलाके में सभी इजराइली और वर बेस को निशाना बनाया है। एक बयान में गार्ड्स ने कहा कि ऑपरेशन तब तक लगातार जारी रहेगा जब तक दुश्मन "पूरी तरह से हार नहीं जाता।

ईरान ने अपने शहरों पर हमलों के बाद इजराइल और अमेरिका को 'ऐतिहासिक सबक' सिखाने का वादा किया

ईरान की सेना ने कहा कि वह ईरानी शहरों पर हमलों के बाद इजराइल और अमेरिका को ऐतिहासिक सबक सिखाएगी। ईरानी सरकार से जुड़े मीडिया के मुताबिक, सीनियर आर्म्ड फोर्सेज स्पोक्सपर्सन ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने कहा कि जैसा कि हम पहले ही कह चुके हैं, इस इलाके में कहीं भी कोई भी बेस जो इजराइल की मदद करता है, वह पवित्र इस्लामिक रिपब्लिक और हमारी आर्म्ड फोर्सेज का टारगेट होगा, और हम कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाएंगे।

यूएई ने ईरान के हमले पर अपडेट शेयर किया

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश पर शुक्रवार को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से ह्लखुलेआम हमलाह्व हुआ, और कहा कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने बहुत अच्छे से जवाब दिया और कई मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट किया, खलीज टाइम्स ने रिपोर्ट किया।

## खाड़ी क्षेत्र में मिसाइलों की गूंज, भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी संकट गहराया!

पश्चिम एशिया में आज घटनाक्रम ने अचानक भीषण रूप ले लिया, जब अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़े पैमाने पर युद्धक कार्रवाई की पुष्टि करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम बताया और कहा कि तेहरान को परमाणु हथियार क्षमता हासिल करने से रोकना अनिवार्य है।

हम आपको बता दें कि हमलों की पहली लहर में तेहरान के कई महत्वपूर्ण स्थलों पर विस्फोट हुए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के परिसर तथा राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आईं। हालांकि कुछ सूत्रों के अनुसार खामेनेई को पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के कई वरिष्ठ कमांडरों के मारे जाने की अपुष्ट खबरें भी आईं।

हमलों के तुरंत बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल और क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर



मिसाइलें दागीं। कतर की राजधानी दोहा और संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के सेवा केंद्र के निकट हमले की सूचना मिली, जिसके बाद जुफैर इलाके को खाली कराया गया। कुवैत ने अपनी सुरक्षा के अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही, जबकि जॉर्डन ने दो मिसाइलें मार गिराने का दावा किया। वहीं इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इस समय ईरान की ओर से इजराइल और अमेरिकी बेसों पर मिसाइल और ड्रोन हमले लगातार होने की खबरें सामने आ रही हैं जिनसे यूएई में एक व्यक्ति की मौत की खबर है जबकि अमेरिकी और इजराइली हमलों से ईरान को हुए नुकसान को देखें तो वह काफी व्यापक है।

हम आपको बता दें कि ईरान के दक्षिणी शहर मीनाब में एक विद्यालय पर हमले में 40 से ज्यादा छात्रों की मृत्यु की खबर ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। तेहरान में आम नागरिकों में दहशत का माहौल है, उत्तर की ओर पलायन, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें और संचार बंद होने की आशंकाएं सामने आ रही हैं। इसके अलावा, इस संघर्ष का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी पड़ता दिख रहा है। हम आपको बता दें कि खाड़ी क्षेत्र विश्व तेल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है और होर्मुज जलडमरूमध्य इसकी धुरी है। यह संकरा समुद्री मार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और वैश्विक तेल तथा गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी से गुजरता है। यदि ईरान ने इसे अवरुद्ध किया या टैंकरों पर हमले बढ़ाए तो पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहरा सकता है। पहले ही कच्चे तेल के दाम सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुके थे। क्षेत्रीय युद्ध की स्थिति में कीमतें और उछल सकती हैं।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। भारत विश्व के बड़े तेल आयातकों में से एक है और अपनी आवश्यकता का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल का बड़ा भाग इसी जलडमरूमध्य से होकर आता है। कीमतों में एक डॉलर की भी वृद्धि से भारत के आयात बिल पर अरबों डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे महंगाई, चालू खाते का घाटा और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है।

भारत की एक और बड़ी चिंता क्षेत्र में बसे लाखों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा है। खाड़ी देशों में बड़ी भारतीय प्रवासी आबादी कार्यरत है। हवाई क्षेत्र बंद होने से उड़ानों पर असर पड़ा है।

## क्लीन चिट मिलते ही केजरीवाल' का केंद्र पर हल्ला बोल

### जंतर-मंतर पर महा-रैली की तैयारी

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 1 मार्च को जंतर-मंतर पर एक रैली का नेतृत्व करेंगे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिल्ली में हजारों कर्मचारियों की कथित बर्खास्तगी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यह जानकारी दी। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली के लोग भाजपा सरकार के जनविरोधी फैसलों से परेशान हैं और केजरीवाल की ओर रुख कर रहे हैं। भारद्वाज ने पर एक पोस्ट में कहा कि अरविंद केजरीवाल उन हजारों कर्मचारियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे जिन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। इसलिए, सभी बस मार्शल, डीटीसी बस कंडक्टर, मोहल्ला क्लिनिक कर्मचारी, डीआईएमटीएस कर्मचारी और अस्पतालों में काम करने वाले डेटा एंट्री ऑपरेटरों को अपनी-अपनी वर्दी पहनकर जंतर-मंतर पहुंचना चाहिए। 1 मार्च को आम आदमी पार्टी जंतर-मंतर पर एक विशाल रैली का आयोजन करने जा रही है, जिसमें हमारे समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होकर हमें और अरविंद केजरीवाल को आशीर्वाद देंगे। मो हल्ला क्लीनिक से निकाले गए डॉक्टर और नर्स तथा 10,000 बस मार्शल (जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी) भी रैली में शामिल होंगे। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ, उन कंडक्टरों, बस मार्शलों, डॉक्टरों और फार्मासिस्टों की ओर से मुद्दे उठाएंगे जो अपनी वर्दी में आएंगे। अरविंद जी ने इनके लिए कई लड़ाइयाँ लड़ी हैं। दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को ह्यह्यन्यायिक जांच में बिल्कुल भी खरा नहीं उतरने वालाह्लह्ल मामला आगे बढ़ाने के लिए शुक्रवार को कड़ी फटकार लगाई तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व



उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को आबकारी नीति मामले में आरोपमुक्त कर दिया। मामले में आरोपमुक्त किये गए लोगों में तेलंगाना जागृति की प्रमुख के. कविता भी शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह द्वारा फैसला सुनाये जाने के कुछ घंटों बाद, सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में इसे चुनौती देते हुए अपील दायर की। निचली अदालत द्वारा जांच एजेंसी की कड़ी आलोचना किये जाने के जवाब में सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या उन पर पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। इस मामले ने केजरीवाल को लगभग राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेल दिया था ।

## सरकार फौरन भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करे- राहुल

**नई दिल्ली**

भारत में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर, जो पूरे मध्य पूर्व में फैल चुका है, सरकार से अपने लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया है। गांधी ने कार्यक्रम में कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। मध्य पूर्व में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से अपने लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं।



ईरान ने बहरीन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लक्षित मिसाइल हमला किया है। भारत में ईरानी दूतावास ने शनिवार को कहा कि बहरीन में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे को ईरानी मिसाइल हमलों का निशाना बनाया गया। दूतावास ने हमले के बाद का एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इससे पहले अपने खिलाफ "जायोनी शासन की क्रूर आक्रामकता" की निंदा करते हुए दावा किया कि उनके हमले ईरान के दुश्मन की आक्रामकता का जवाब हैं।

भारत में ईरानी दूतावास ने कहा कि अल्लाह के नाम पर, जो अत्याचारियों का नाश करने वाला है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के खिलाफ शत्रुतापूर्ण और आपराधिक दुश्मन की आक्रामकता के जवाब में, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ने कब्जे वाले क्षेत्रों की ओर व्यापक मिसाइल और ड्रोन हमलों की पहली लहर शुरू कर दी है।

## अयोध्या में सरयू नदी के घटते जलस्तर पर सियासत तेज, अवधेश प्रसाद ने योगी सरकार लगाएं गंभीर आरोप

**अयोध्या**

**रामनगरी** अयोध्या पवित्र सरयू नदी के घाटों से दूर होती दिखाई दे रही हैं, जिससे बाद इस मुद्दे को लेकर सियासत तेज होती जा रही है. अयोध्या वाली फैजाबाद सीट लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के नेता अवधेश प्रसाद ने इसे लेकर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं. सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने सरयू नदी के घटते जलस्तर और घाटों से दूर होती धारा को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमला किया और इसके लिए



सरकार की गलत नीतियों और परियोजनाओं को जिम्मेदार बताया. सपा सासंद ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की बालू खुदवाकर बेची गई, जिसके चलते सरयू की धारा प्रभावित हुई है. अवधेश प्रसाद ने कहा कि अब सरयू नदी की मुख्य धारा अयोध्या की बजाय गोंडा की ओर बहने लगी है जो बेहद गंभीर मुद्दा है. वो इस मामले को लोकसभा में उठाएंगे और अपनी बात रखेंगे. उन्होंने दावा किया कि राम की पैड़ी पर भी पानी नहीं है और हैंडपंप से पानी भरकर व्यवस्था की जा रही है. इसे उन्होंने अयोध्या की छवि और आस्था के साथ खिलवाड़ बताया.

ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान पहुंचाने का आरोप सपा सांसद ने धार्मिक संदर्भ देते हुए कहा कि रामायण में गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है– 'उत्तर दिसि बह सरयू पावन' लेकिन, मौजूदा सरकार अपनी परियोजनाओं के जरिए इस ऐतिहासिक ।

## होली से पहले यूपी के 1.86 करोड़ परिवार को सरकार का बड़ा तोहफा

# सीएम योगी ने कर दिया यह बड़ा ऐलान

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया है कि होली से पहले उज्जवला योजना का लाभ उठाने वाले हर परिवार को सरकार की ओर से फ्री सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा. सीएम योगी ने इस तोहफे का ऐलान केवल होली के लिए नहीं, बल्कि दीपावली के लिए भी किया है.

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा की.



लखनऊ में सीएम योगी ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले से व्यवस्था की है कि इस साल 9 सिलेंडर सब्सिडी रेट पर दिए जाएंगे. यानी जो भी सिलेंडर खरीद रहा है, उसका कनेक्शन फ्री है. इसके बाद जब आप नया सिलेंडर लेने जाते हैं तो प्रति रीफिल 335.40 रुपये आपके खाते में वापस कर दिए जाते हैं. इससे दुरुपयोग भी रुकता है और आपके खर्च का बड़ा हिस्सा आपको वापस भी मिल जाता है."

'हर व्यक्ति के घर में सम्मानजन रूप से मनेगी होली'- योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने कहा, "9 सिलेंडर पर तो प्रधानमंत्री ही आपको सब्सिडी दे रहे हैं. इसके अलावा, यूपी सरकार ने तय किया है कि दीपावली और होली के पहले हर परिवार में हम एक-एक भरा हुआ सिलेंडर उपलब्ध करवाएंगे. प्रदेश भर में इस प्रकार के आयोजन हो रहे हैं, जिससे होली के पहले हर एक व्यक्ति सम्मानजनक ढंग से अपने घर में ऊर्जा की आवश्यकता की पूर्ति करते हुए उत्साह और उमंग को कई गुना बढ़ाने में सहयोगी हो सकें."

महिला सुरक्षा पर सीएम योगी का बड़ा बयान

सीएम योगी ने आगे कहा, "यूपी में महिला सुरक्षा, महिला स्वावलंबन और उनके सम्मान के लिए सरकार काम कर रही है।

## शंकराचार्य विवाद में साक्षी महाराज की एंट्री, अविमुक्तेश्वरानंद को बताया कांग्रेस का 'पिट्ठू'

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की धार्मिक व राजनीतिक गलियारों में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का मामला इन दिनों बहस के केंद्र में बना हुआ है, अब इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता व उन्नाव सांसद साक्षी महाराज की एंट्री हो गई है. उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर बड़ा बयान दिया है.

उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहा है कि, उनके (शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती) जो गुरु थे, स्वामी स्वरूपानंद महाराज, वे विशुद्ध कांग्रेसी थे. उन्होंने कहा कि, राम मंदिर आंदोलन के लिए हिंदुस्तान के सारे साधु-संन्यासियों को 'अखिल भारतीय संत समित' के एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया था, लेकिन अविमुक्तेश्वरानंद के गुरु स्वरूपानंद उस मंच पर नहीं आए थे, वो कांग्रेस के पूरी तरह से पिट्ठू थे. ऐसे ही ये भी कांग्रेस के पिट्ठू हैं.

अखिलेश यादव पर साधा निशाना

साक्षी महाराज ने समाजवादी पार्टी प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना साधा है. साक्षी महाराज ने कहा, "अखिलेश ने डंडों से बहुत मारा था, बहुत पिटवाया था, और ये ऐसे कह रहे हैं ।

## अमित शाह-नड्डा की अगुवाई में 5000 किमी. की 'परिवर्तन यात्रा'

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में हलचल मची हुई है। चुनाव से पहले भाजपा बंगाल में एक्टिव मोड में आ चुकी है। इस बार बीजेपी चुनाव प्रचार के लिए नए हथकंडे अपना रही है। दरअसल, भाजपा 1 मार्च 2026 से बंगाल में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करने जा रही है, जिसे चुनावी प्रचार की महत्वपूर्ण कोशिशों में गिना जा रहा है।

बीजेपी इस अभियान के माध्यम से टीएमसी के नेतृत्व में पिछले दस सालों से चल रहे कथित भ्रष्ट, अलोकतांत्रिक और जनता-विरोधी शासन को चुनौती देने का लक्ष्य रख रही है। पार्टी इसे बंगाल में एक बड़े जन आंदोलन के रूप में पेश कर रही है, जो स्पष्ट रूप से यह संकेत देता है कि बीजेपी ममता सरकार के खिलाफ पूरी तरह सक्रिय होने को तैयार है।

1 मार्च से शुरू होगी परिवर्तन यात्रा

पार्टी नेताओं के मुताबिक, इस बार बंगाल में पालोतानो डोरकर, चाय बीजेपी सोरकरह्व के नारे के तहत चलाया जा रही यह परिवर्तन यात्रा राज्य के संगठनात्मक नेटवर्क में ह्लपूर्ण भौतिक वर्चस्वह्व स्थापित करने का प्रयास है। आपको बता दें कि, भाजपा यह परिवर्तन यात्रा लगभग 5,000 किमी. की दूरी तय कर राज्य के सभी 9 संगठनात्मक प्रभागों में एक साथ चलेगी।

किस तरह से प्रचार होगा?

बता दें कि, पार्टी के नृतत्व ने दावा किया है कि बंगाल में परिवर्तन यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं-जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत–की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाएगी और यह बताया जाएगा कि राज्य सरकार की कथित नीतियों के कारण लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। सूत्रों के मुताबिक यात्रा



को कई रूटों में बांटा गया है, जो उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण 24 परगना और जंगल महल क्षेत्र तक जाएगी। जिससे सीमावर्ती और ग्रामीण इलाकों में भी राजनीतिक संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे। यात्रा के स्वागत के लिए जिला स्तर पर सभाएं, रोड शो, बाइक रैलियां और नुक्कड़ सभाओं की विस्तृत रुपरेखा बनाई गई है।

आपको बता दें कि, भाजपा का इस यात्रा का लक्ष्य है महिला सुरक्षा, शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जिसमें शिक्षक भर्ती घोटाले भी शामिल हैं।

बंगाल में इन मुद्दों पर भाजपा का फोकस

प्रचार के दौरान ग्रामीण बंगाल में भाजपा का फोकस एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्क्चर, ट्रांसपेरेंट एक्सीक्यूशन के पारदर्शी कार्यान्वयन और बिचौलियों की परेशानी दूर करने पर केंद्रित होगा। दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार और इंप्रूव्ड अर्बन मोबिलिटी पर चर्चा की जा सकती है।

बता दें कि, 1 और 2 मार्च को यात्रा के पहले चरण में पहले दिन पांच और दूसरे दिन चार जनसभाएं होंगी। इनमें अमित शाह, नितिन नबीन, जे.पी. नड्डा, राजनाथ सिंह, धर्मेंद्र प्रधान और शिवराज सिंह चौहान जैसे सीनियर बीजेपी नेताओं के शामिल हो सकते हैं।

# फूलपुर तहसील के 23 गांवों में भूमि अधिग्रहण से हड़कंप

## गारापुर चौराहे पर रविवार से भूख हड़ताल व आमरण अनशन का ऐलान

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** फूलपुर तहसील के 23 गांवों में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण की जानकारी मिलते ही किसानों में भारी आक्रोश फैल गया है। प्रभावित गांवों के किसानों ने एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। भूमि बचाओ अभियान समिति किसान मंच के बैनर तले किसानों ने पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर चौराहा पर रविवार से भूख हड़ताल और आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा की है। आंदोलन के संयोजक एवं पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर के ग्राम प्रधान द्वारिका मौर्य ने बताया कि अधिग्रहण से प्रभावित सभी गांवों के किसान निर्धारित तिथि से गारापुर चौराहे पर एकत्रित होकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिन गांवों की भूमि अधिग्रहण की जद में बताई जा रही है, उनमें पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर, चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ, चक केवटली, मेडुआ, कांदी, नारायणपुर, नीबी खुर्द, हेतापट्टी, फैजुल्लापुर, सकरा, मदारपुर, दारियापुर उर्फ गुलालपुर, समईपुर, बहादुरपुर (ता० इब्राहिमपुर), सिहोरी उपरहार, औराहा उपरहार, फिरोजपुर, तालुका इब्राहिमपुर, बेरूई, रामनगर, सहसों, सादमापुर, धरमपुर उर्फ घुरवां, कसेरूआ कलां एवं कसेरूआ खुर्द सहित अन्य राजस्व ग्राम शामिल हैं। किसानों का कहना है कि बिना सहमति और उचित मुआवजे के भूमि अधिग्रहण स्वीकार नहीं किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने यह भी घोषणा की है कि विरोध स्वरूप इस वर्ष वे होली पर्व नहीं मनाएंगे। किसानों के इस निर्णय से क्षेत्र में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन किसानों से वार्ता कर कोई समाधान निकाल पाता है या आंदोलन और तेज होता है।

# बारा में फैक्ट्रियों की वजह से हो रहे प्रदूषण को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : दीपक तिवारी

अखंड भारत संदेश



**बारा, प्रयागराज।** तहसील बारा क्षेत्र के लोहगरा गांव के समीप प्रस्तावित जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट को लेकर शनिवार को जनसुनवाई उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज कराईं।जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त) प्रयागराज विनीता सिंह तथा उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम मौजूद रहीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और आश्वस्त किया कि परियोजना से संबंधित सभी पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी ने कहा कि कंपनी को अपने वादों पर खरा उतरना होगा। कहा कि पहले की परियोजनाओं में कई बार वादे पूरे नहीं हुए, इसलिए इस बार ठोस कार्रवाई जरूरी है।वहीं कंपनी के जी एम डॉ. वितेश सुखवाल ने कहा कि कंपनी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से क्षेत्र के विकास को गति दी जाएगी।जनसुनवाई में नरेंद्र कदम, भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत लोहगरा व बेमरा सहित आसपास के गांवों के कई लोगों ने निर्धारित शर्तों और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के साथ प्लांट स्थापना पर सहमति भी जताई।अधिकारियों ने कहा कि प्राप्त सुझावों व आपत्तियों की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### एटीएम कार्ड बदलकर उड़ाए 23 हजार

झूंसी। क्षेत्र के तिवारी मार्केट स्थित एक एटीएम पर शनिवार सुबह एक युवक ठगी का शिकार हो गया। ग्राम भतकार निवासी राजेंद्र प्रसाद निषाद का पुत्र जितेंद्र कुमार पैसे निकालने गया था। वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने जल्दबाजी का दबाव बनाते हुए मदद के बहाने चालाकी से जितेंद्र का एटीएम कार्ड बदल दिया। ?आरोपी के जाते ही पीड़ित के मोबाइल पर खाते से 23,000 रुपये निकलने के मैसेज आने लगे। ठगी का अहसास होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने तत्काल बैंक पहुंचकर खाता फ्रीज कराया और थाना झूंसी में लिखित तहरीर देकर आरोपी की गिरफ्तारी व राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### सजा दो घर को गुलशन सा अवध में श्रीराम आयें हैं-विकास इलाहाबादी



**जंघई।** बरियावां, शुक्लान गांव में पंडित जवाहर लाल शुक्ल के निवास पर आयोजित गृह प्रवेश, हरि कीर्तन, पूणाहूति हवन प्रसाद के पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक एवं आकाशवाणी कलाकार विकास पांडेय इलाहाबादी एवं सुप्रसिद्ध गायिका भावना सिंह द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, देवी पचरा, भजन प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आगंतुकों में भाजपा नेता अवधेश तिवारी, ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह, समाजसेवी गरुण पांडेय, पवन तिवारी, विजेंद्र शुक्ला, शिवांश शुक्ला, संदीप शुक्ला, शिवम पांडेय, डब्बू शुक्ला, उन्मुक्त त्रिपाठी, देवेंद्र शुक्ला, पिंटू सिंह, विमलेश पटेल राजा मौर्य, धनंजय शास्वत, मंगल पांडेय, रिंकू सिंह, अनुराग ठाकुर, सुमित तिवारी, रामेश्वर तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, परिजनों में श्याम लाल शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, पवन शुक्ल, अंकित शुक्ल, अनूप शुक्ल, त्रिवेणी, शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, छोटू शुक्ल, ओम शुक्ल मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक गंगाधर शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न



**झूंसी।** आवास विकास कॉलोनी (योजना-3) स्थित रामलीला मैदान के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 13वां स्थापना दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी के भव्य अभिषेक और विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात स्थानीय कलाकारों द्वारा सुंदरकांड का पाठ और मनमोहक भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल सिंह, राज सिंह और रवि वर्मा सहित कालोनी वासियों का विशेष योगदान रहा।

# न्यायालय आदेश के बाद भी कब्जा नहीं, पीड़ित ने तहसील में आत्मदाह की दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** करछना क्षेत्र के चनैनी गांव में जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। न्यायालय के आदेश और प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद कब्जा न मिलने से आहत पीड़ित ने आत्मदाह की चेतावनी देकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जनपद के करछना तहसील अंतर्गत चनैनी गांव में भूमि विवाद को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। पीड़ित सुरेश चंद्र तिवारी का आरोप है कि हाईकोर्ट एवं तहसील प्रशासन से उनके पक्ष में निर्णय होने के बावजूद गांव के सूर्य प्रकाश, तेज प्रकाश और देशराज उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं लेने दे रहे हैं। पीड़ित के अनुसार कुछ दिन पूर्व प्रशासन की ओर से हल्का लेखपाल द्वारा संबंधित भूमि पर पथरगढ़ी कराई गई थी, जिसे आरोपियों ने उखाड़कर फेंक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील स्तर पर कथित मिलीभगत के चलते विपक्षियों के हौसले बुलंद हैं और वे जबरन कब्जा बनाए रखने पर आमादा हैं। सुरेश चंद्र तिवारी का कहना है कि न्यायालय से आदेश मिलने के बाद भी यदि जमीन पर वास्तविक कब्जा नहीं मिल पा रहा है तो यह प्रशासनिक विफलता का उदाहरण है। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा के साथ कब्जा दिलाने की मांग की है।

पीड़ित ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह तहसील परिसर में आत्मदाह करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

# डॉ अम्बेडकर स्वयं में एक संस्था थे : न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी इलाहाबाद हाइकोर्ट

## विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाईस्कूल कोरांव में आधुनिक भारत में डॉ अम्बेडकर के विचारों की महत्ता विषयक संगोष्ठी संपन्न

अखंड भारत संदेश





**पसना।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने डॉ. अम्बेडकर को आधुनिक भारत में विचारों की धुरी बताया। उन्होंने यह बात कोरांव तहसील के विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाईस्कूल में आज दोपहर 2 बजे आयोजित एक विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। गोष्ठी का विषय ₹आधुनिक भारत में डॉ. अम्बेडकर के विचारों की महत्ता₹ था।

न्यायमूर्ति चौधरी ने अपने प्रेरक विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज में डॉ. अम्बेडकर के विचारों के बिना कोई भी चर्चा अधूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि डॉ. अम्बेडकर ने देश को विभाजन से रोकने के लिए अथक प्रयास किए थे, क्योंकि वे देश के बंटवारे के पक्ष में नहीं थे। न्यायमूर्ति ने डॉ. अम्बेडकर को स्वयं में एक संस्था बताया।

गोष्ठी में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने डॉ. अम्बेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने विदेश में कानून की डिग्री हासिल की और आजादी के बाद संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में देश को समतामूलक व सर्वजन हिताय संविधान दिया। दूसरे अति विशिष्ट अतिथि, हाई कोर्ट के मुख्य स्थाई अधिवक्ता एस.पी. गौड़ शीतल ने डॉ. अम्बेडकर को आधुनिक भारत का निमार्ता बताते हुए उनके द्वारा दिए गए समावेशी संविधान की सराहना की। न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी जी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम में कोरांव विधायक राजमणि कोल ने न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी और पूर्व अध्यक्ष नरसिंह केशरी भी उपस्थित रहे।

# कैम्ब्रिज हाईस्कूल में ह्यवीमेन इन साइंस थीम पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह के साथ सम्पन्न



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और प्रेरणादायक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा व रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में विज्ञान आधारित गतिविधियों, नवाचार और जागरूकता कार्यक्रमों के चलते उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम ह्यवीमेन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारतह्ण रखी गई, जिसके तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सशक्त भूमिका और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता को केंद्र में रखा गया। इस अवसर पर छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया और महिला वैज्ञानिकों के योगदान को रेखांकित किया गया।विद्यालय के शिक्षक धर्मराज कुशवाहा ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। वहीं विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में ह्यरमन प्रभावह्ण की खोज की स्मृति में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला। भारत सरकार ने वर्ष 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में घोषित किया।कार्यक्रम के दौरान अखिलेश पांडेय, दीपक केसरवानी और इमरान अहमद सहित अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को विज्ञान के महत्व, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक तकनीक की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी वक्ताओं ने बच्चों को तर्कसंगत सोच अपनाने और समाज में वैज्ञानिक चेतना को मजबूत करने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे, शिक्षक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, दीपक केसरवानी, नरेश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, धर्मराज कुशवाहा, आभा मिश्रा, प्रीति सेन, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी, ऊषा सिंह, सीमा सिंह, रूचि शुक्ला, निहारिका सेन, अंजू गुप्ता, पूनम द्विवेदी सहित विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के मन में विज्ञान के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## जमीन विवाद से परेशान महिला ने दी आत्मदाह की धमकी

**करछना।** करछना क्षेत्र के चनैनी गांव में जमीन पर जबरदस्ती कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। हाईकोर्ट और तहसील प्रशासन से निस्तारण होने के बावजूद विपक्षियों द्वारा कब्जा करने नहीं दिया जा रहा है। जिससे पीड़ित ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। पीड़ित सुरेश चंद्र तिवारी आरोप लगाया कि गांव के सूर्य प्रकाश,तेज प्रकाश और देशराज मेरी भूमि पर कोड के आदेश के बावजूद कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व पर उक्त भूमि पर हल्का लेखपाल ने पथरगढ़ी करवा था। जिसे आरोपियों ने उखाड़ कर फेंक दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन की मिली भगत के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं जिसके चलते जबरदस्ती करने पर आमादा हो चुके हैं। मेरे पक्ष में फैसला होने के बावजूद भूमि पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है।इसको लेकर पीड़ित सुरेश चंद्र तिवारी शासन-प्रशासन से गुहार लगा रहा है। पीड़ित चेतावनी देते हुए कहा कि निस्तारण नहीं हुआ तो वह तहसील में आकर आत्मदाह करने के मजबूर हो जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी नवाचार की चमक, बच्चों ने मॉडल्स से दिया वैज्ञानिक सोच का संदेश



**शंकरगढ़।** क्षेत्र के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सैकड़ों आकर्षक मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संसाधन और आधुनिक तकनीक से जुड़े विषयों को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

प्रदर्शनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्रदूषण नियंत्रण, जल संरक्षण, सोलर एनर्जी, हाइड्रो पावर, थर्मल पावर, आधुनिक टाउनशिप, मृदा संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण जैसे विषयों पर तैयार किए गए मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से यह संदेश दिया कि वैज्ञानिक और वैधानिक तरीकों को अपनाकर ही समाज और देश तकनीकी रूप से सशक्त बन सकता है। प्रतियोगिता में कक्षा 5 ह्यबीह्ण की छात्रा गौरवी केसरवानी एवं कुमुद सिंह ने "Automatic Water Cleasers" विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके मॉडल में स्वचालित जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में दशार्या गया, जिसे निर्णायकों ने खूब सराहा। द्वितीय स्थान यश द्विवेदी की टीम को "Water Harvesting" विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए मिला, जबकि तृतीय स्थान कक्षा 7 ह्यएह्ण के छात्र विमल सिंह एवं उनकी टीम को "Working VolcÔ»»fo" मॉडल के लिए प्रदान किया गया, जिसने वैज्ञानिक सिद्धांतों को जीवंत रूप में दर्शाकर दर्शकों को आकर्षित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक (क्राइम) शैलेश सिंह एवं उप निरीक्षक शिव कुमार रहे। मुख्य अतिथि शैलेश सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में नवाचार, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश के उज्ज्वल भविष्य के निमार्ता हैं।

कार्यक्रम के दौरान विजेता छात्रों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यवहारिक ज्ञान का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में नई तकनीकों के साथ समाज के विकास में योगदान दे सकें।अंत में प्रधानाचार्या शीतल सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# संयुक्त वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान, बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा सांस्कृतिक मंच




**सहसों।** विकास इंटर कॉलेज एवं यूनिक पब्लिक स्कूल, कसेरूवा कला सहसों द्वारा शनिवार को संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश कामता राम पाल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि द्वारा यूनिक पब्लिक स्कूल की अनामिका यादव तथा विकास इंटर कॉलेज की सांझी गुप्ता, आतिफा परवीन, मोहम्मद अमीन अंसारी और रोली पाल को विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्रा पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ एवं विकास खंड अधिकारी सहसों रामवीर सिंह पाल ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. जगन्नाथ पाल ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के अंत में सभी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन यूनिक पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अरविंद चतुर्वेदी ने कुशलता पूर्वक किया। इस अवसर पर विकास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, शिक्षक बी.के. राय, आर.पी. सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, अमित यादव, धनंजय शाश्वत, त्रियुगी नारायण द्विवेदी, अमरनाथ निडर, अशोक यादव, प्रबंधक सत्यनारायण पाल, संजय सम्राट, प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कंपोजिट विद्यालय सुजौना में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** प्रयागराज विज्ञान दिवस पर कंपोजिट विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को विज्ञान से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र दिया गया था। जूनियर वर्ग के 87 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने चित्र चार्ट के माध्यम से भी विज्ञान के विविध उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। ध्यातव्य है कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है।28 फरवरी सन 1928 को चंद्रशेखर वेंकट रमन ने इसकी खोज किया था जिसके कारण 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों का खात्मा होता है। विज्ञान और तकनीक को प्रसिद्ध करने के साथ ही देश के नागरिकों को इस क्षेत्र मौका देकर नई ऊँचाइयों को हासिल करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मूल्यांकन के बाद बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी,नाज़िया सुल्ताना,शरद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, राकेश कुमार,पूनम तिवारी उपस्थित रहे।

### अवन्तिका में हृदय मिलन समारोह 5 मार्च को

**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित आगामी 5 मार्च गुरुवार को नैनी के एडीए कॉलोनी स्थित अभिनंदन भवन में होली के पावन अवसर पर सायं 4 बजे से हृदय मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व महामंत्री रणवीर सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद रणविजय सिंह व पवन यादव कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मूल विलेख दिनांक 22-03-2003, जिसका पंजीयन संख्या 573, पुस्तक संख्या, जिल्द 3774, पृष्ठ 163/172, संख्या 3238 अंकित है। सचमुच खो गया।
**नाम- अनीता साह पत्नी-बसंत साह**
**पता-83एल/1के/क्यू/पी हरवारा, धूमनगंज, प्रयागराज-211011**

# नवाबगंज थाना क्षेत्र में जिला बदर अपराधी गिरफ्तार
## टिकरी पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज ।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने जिला बदर किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में टिकरी पेट्रोल पंप के पास घूम रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके से दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार होली पर्व को देखते हुए क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उपनिरीक्षक इंद्रजीत यादव, राजेंद्र कुमार पाल और विनोद सिंह की टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में फरीदपुर गांव क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी सुदामा उर्फ अमित सिंह टिकरी पेट्रोल पंप के पास देखा गया है।

सूचना पर पुलिस टीम तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पेट्रोल पंप के सामने ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुदामा उर्फ अमित सिंह पुत्र राजनारायण सिंह, निवासी रसूलपुर रामपुर, थाना नवाबगंज, उम्र करीब 23 वर्ष बताया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश (वाद संख्या-2731/2025, दिनांक 28 नवंबर 2025) के तहत उसे धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 में छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह क्षेत्र में मौजूद मिला।

आरोपी को आदेश की अवहेलना के आरोप में धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत सुबह करीब 11:30 बजे नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज जंक्शन पर 10 लाख के गहनों से भरा बैग पार, मऊ पहुंचकर पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**प्रयागराज।** जंक्शन पर ट्रेन में सफर कर रहे पिता-पुत्री के साथ चोरी की वारदात सामने आई है। मऊ जिले के सहादतपुरा मोहल्ला निवासी 56 वर्षीय अजीत सिंह 26 फरवरी को अपनी पुत्री श्रेया सिंह को महाराष्ट्र के ठाणे से विदा कराकर ट्रेन से मऊ लौट रहे थे। दोनों की सीट ए-1 कोच में थी। आरोप है कि 27 फरवरी की सुबह करीब 7:40 बजे ट्रेन के प्रयागराज जंक्शन पर ठहराव के दौरान सीट के नीचे रखा काले रंग का बैग अज्ञात चोर उठा ले गए। बैग में सोने के कंगन, पायल, डायमंड जड़ित गोल्ड नेकलेस सेट समेत करीब 10 लाख रुपये के आभूषण रखे थे। पीड़ित के अनुसार सुबह 8:07 बजे रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई गई और चेन पुलिंग कर जीआरपी को सूचना दी गई, लेकिन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए ट्रेन छोड़ने की बात कही गई। बेटी को अकेला छोड़ना संभव न होने के कारण वह मऊ पहुंचे और वहां ञ्र५ी१ल्लीेल्ल३ फ्रं६८ ढ्ढ्री में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। जीआरपी के मुताबिक घटना स्थल प्रयागराज क्षेत्र में आने के कारण मामला वहां ट्रांसफर कर दिया गया है और जांच की जा रही है।

## फाफामऊ के लेहरा गांव में मामूली विवाद पर लाठी चली, सिर पर चोट लगने से व्यक्ति गंभीर

**प्रयागराज ।** फाफामऊ इलाके के लेहरा गांव में रास्ते से हटने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। लाठी से हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 25 फरवरी की रात करीब नौ बजे देवीलाल शर्मा भोजन के बाद घर से पुरानी मशीन पर सोने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बैठे गुड्डू पटेल से उन्होंने हटने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात पर कहासुनी बढ़ गई और विवाद उग्र हो गया। बताया गया है कि गुड्डू पटेल ने पृथ्वी पटेल के हाथ से लाठी छीनकर देवीलाल शर्मा पर हमला कर दिया। वार सिर पर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उपनिरीक्षक शुभ्रांशु के अनुसार पीड़ित की तहरीर पर गुड्डू पटेल पुत्र फूलचंद पटेल के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### न्यूज झरोखा

## लूट और चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार, 1150 रुपये बरामद

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट पुलिस ने लूट और चोरी के दो अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना हण्डिया पुलिस ने उसे क्षेत्र के वासूपुर स्थित शिव मंदिर के पास से दबोचा। आरोपी के कब्जे से लूट और चोरी से संबंधित 1150 रुपये बरामद किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, गंगानगर जोन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी सनी उर्फ सूरज उर्फ पुजारी चौहान (26) निवासी उपरदहा, थाना हण्डिया है। उसके खिलाफ थाना हण्डिया में दर्ज मुकदमा संख्या 536/25 (धारा 309(6) भा.न्या.सं.) और मुकदमा संख्या 623/2025 (धारा 303(2) भा.न्या.सं.) में कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद दोनों मुकदमों में धारा 317(2) भा.न्या.सं. की बढ़ोतरी भी की गई है। पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर 2025 की रात जाकुड़ा मोड़ के पास आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति से नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया था। वहीं 2 नवंबर 2025 को उपरदहा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से मोबाइल फोन और 1800 रुपये चोरी किए गए थे। चोरी के मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**लंबा आपराधिक इतिहास-** पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ हत्या, लूट, चोरी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास वर्ष 2017 से लगातार सामने आता रहा है।

**पुलिस टीम को मिली सफलता-** गिरफ्तारी थाना हण्डिया प्रभारी निरीक्षक नितेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में गठित टीम ने की। टीम में उपनिरीक्षक मणिभूषण शुक्ला, राम मिलन, गौतम कुमार, अम्बुज कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रेमिका से बात करते समय आइटीआइ छात्र ने खुद को मारी थी गोली, खुला राज

**प्रयागराज।** यमुनापार में घूरपुर के चक गौरीशंकर गांव स्थित शारदा प्रयाग पब्लिक स्कूल में गोली लगने से आइटीआइ छात्र की हुई मौत मामले का सच सामने आ गया है। पुलिस ने मृतक छात्र साहिल शुक्ला के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई तो परत दर परत सब कुछ आइने की तरह साफ हो गया। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान की मानें तो छात्र प्रेमिका की बेवफाई से परेशान था। गुरुवार देर रात फोन पर प्रेमिका से बात करते समय ही उसने खुद को गोली मारी थी। इस मामले में युवती से भी पूछताछ की गई है। लालापुर थाना क्षेत्र के गोबरा गांव निवासी रेवती रमण शुक्ला का पुत्र साहिल शुक्ला आइटीआइ कर रहा था। वह चक गौरीशंकर गांव में रहने वाले अपने फूफा लक्ष्मीकांत तिवारी उर्फ अनिल तिवारी के यहां रहता था। अनिल तिवारी का गांव में शारदा प्रयाग पब्लिक स्कूल है, जिसकी देखरेख साहिल करता था। यहीं एक कमरे में वह रहने भी लगा था।

शुक्रवार सुबह स्कूल स्थित कमरे में उसकी खून से लथपथ लाश मिली थी। सिर में गोली लगी थी और तमंचा वहीं पड़ा था। मोबाइल जमीन पर गिरा हुआ था। कान में ईयरफोन लगा था। पुलिस को उसी समय संदेह हो गया था कि साहिल ने किसी से बात करते समय खुद को गोली मारी है। शनिवार को पुलिस ने उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवाई। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि वर्ष 2024 में साहिल का नैनी की रहने वाली एक युवती से प्रेम हो गया था। युवती अक्सर घूरपुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां आती थी और साहिल से उसकी मुलाकात होती थी। इधर, कुछ समय से उसकी प्रेमिका ने उससे दूरी बना ली। साहिल ने पता किया तो मालूम चला कि वह किसी दूसरे युवक से प्रेम करने लगी है। गुरुवार की देर रात साहिल ने प्रेमिका को फोन लगाया और करीब 85 मिनट तक बातचीत की। इसी बीच बात करते-करते साहिल ने अपनी कनपटी में तमंचे से गोली मार ली।

# पूर्व सांसद सलीम शेरवानी की इफ्तार पार्टी में पहुंचे अखिलेश यादव, बोले- डबल इंजन आपस में टकरा रहे

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार शाम प्रयागराज पहुंचे। बदायूं से पांच बार सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे सलीम शेरवानी के चौफटका स्थित कंपनी में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि 60 हजार करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी प्रयागराज में जाम की समस्या बनी हुई है। गंगा जस की तस मैली हैं और यमुना में सीधे नाले का गंदा पानी गिर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे यहां मिल जुलकर त्योहार मनाने की परंपरा रही है। होली और ईद पर हम एक दूसरे को गले लगाते हैं। वैसे भी प्रयागराज गंगा-यमुना और सरस्वती के संगम का शहर है। जो एक दूसरे से मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार जाएगी तभी प्रदेश में खुशहाली आएगी। रोजगार मिलेगा, गरीबी दूर होगी और महंगाई कम होगी।सपा मुखिया ने कहा कि प्रदेश की हाल यह है कि एक पूरब जा रहा है दूसरा पश्चिम जा रहा है। कोई जापान जा रहा है तो कोई जर्मनी जा रहा है। कहा कि जब योगी बाबा जापान गए ही थे तो क्योटो देखकर आते। वाराणसी को क्योटो बनाने की बात हमेशा करते हैं लेकिन क्योटो कभी गए नहीं। प्रयागराज की अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। कुंभ महाकुंभ में यहां विदेशों से लोग आते हैं। यहां विकास कार्य को करने में बेइमानी की गई। 60 हजार करोड़ खर्च होने के बाद भी जाम लग रहा है। अखिलेश यादव करीब घंटे प्रयागराज रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला, यूनिकोड में काम करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों को राजभाषा नीति, अधिनियम और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जे.सी.एस. बोरा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी दायित्व है। ह्यकह्न क्षेत्र में स्थित होने के कारण कार्यालय में हिंदी में कामकाज को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। उन्होंने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले पत्राचार, नोटिंग और दस्तावेजों में हिंदी अथवा द्विभाषी प्रारूप के अनिवार्य प्रयोग पर जोर दिया। साथ ही कंप्यूटर पर कार्य करते समय यूनिकोड फॉन्ट के उपयोग के निर्देश भी दिए।

कार्यशाला में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रगति रिपोर्ट के प्रारूपों को सही और तर्कसंगत ढंग से भरने की प्रक्रिया समझाई गई। इसके अलावा हिंदी टाइपिंग टूल्स और विभिन्न तकनीकी एप्लिकेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर आयकर विभाग, प्रयागराज के सहायक निदेशक (राजभाषा) मकरध्वज मौर्य, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रकाश चंद्र मिश्र और वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पांडेय ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के कर्मचारी, मंडलों एवं कारखानों के अनुवादक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पांडेय ने किया।

# स्कूलों में सांस्कृतिक प्रशिक्षण के साथ बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार देना है बेहद अहम : रौनक गुप्ता



एमएल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि का मंच पर अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते स्कूल प्रबंध तंत्र के लोग

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के बगहा, सिरसा स्थित सर्वाधिक लोकप्रिय स्कूल एमएल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया संपन्न हुआ। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज सिविल डिफेंस अधिकारी रौनक गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार मेजा नन्दलाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा लखन केशरी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम कृष्ण यादव, समाजसेवी भोलानाथ सोनकर, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र जायसवाल, कांशीराम महाविद्यालय के प्रबंधक रणजीत सोनकर तथा प्रधान खानपुर गोरेलाल रहे। उल्लेखनीय है कि समारोह में उपस्थित अतिथियों,स्कूल प्रबंधतंत्र तथा आमजनमानस का आभार जताते हुए मुख्य अतिथि को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रौनक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मेजा क्षेत्र के चर्चित एवं सबसे लोकप्रिय इस स्कूल में हमें शिक्षा और संस्कार दोनों देखने को मिला है ऐसी शिक्षा अनुशासन और संस्कार बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही समाज का दर्पण है, ऐसे में स्कूलों में बच्चों को गीत संगीत, नाटक, एवं लोकनृत्य के प्रशिक्षण के साथ साथ उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार प्रदान किया जाना बेहद अहम है। उन्होंने स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार मेजा नंदलाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्कूल के बच्चों ने जलवा बिखेरते हुए जो संदेश दिया है इसी से उनकी प्रतिभा शिक्षा,अनुशासन और संस्कार का अनुमान लगाया जा सकता है जो आगे चलकर उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चो को छोटे मंच से ही बड़े मंच पर जाने का अवसर मिलता है। इसी प्रकार समारोह के दौरान अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी अपने अपने विचार रखते हुए स्कूल प्रबंधन और बच्चों उत्कृष्ट प्रतिभा की सराहना किया। इस मौके पर स्कूल की निदेशक श्रीमती बबिता गुप्ता, प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता,प्रधानाचार्य मेवालाल यादव, कॉलेज के प्रधानाचार्य विपिन शुक्ला, शिक्षक विपिन शुक्ला, नवदीप यादव, मनोज विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, प्रभांशु दुबे, रिशु शर्मा, नेहा गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, गूंजा, सविता शुक्ला, इति सिंह, लवलेश यादव, मोहन मिश्रा, विपुल यादव, मूर्तध्वज द्विवेदी, संतोष कुमार, गौरव पांडेय, अविनाश, दिव्यांशु गुप्ता, आकाश गुप्ता, भोला, अंजनी गुप्ता तथा जमुना यादव आदि के अलावा अभिभावक गण व आम लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मछहा कुशहा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का तीसरा प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव सम्पन्न

न्यास अध्यक्ष जयशंकर शुक्ल (जय भईया जी) ने आमंत्रित अतिथियों का माल्यार्पण के पश्चात अंगवस्त्र भेंट कर किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

**अखंड भारत संदेश**



हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे वार्षिकोत्सव के दौरान आरती करते न्यास के लोग और कार्यक्रम में शामिल अतिथि गण व न्यास अध्यक्ष जय भईया जी

**मेजा।** प्रयागराज-मिर्जापुर जनपद की सीमा पर विंध्य पहाड़ी की तलहटी में स्थित मछहा (कुशहा) के संकट मोचन हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का तीसरा वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ संपन्न हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और वातावरण धार्मिक जयकारों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः सात बजे हनुमान जी के अभिषेक व श्रृंगार पूजन से हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोचारण के बीच हवन-आरती संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद व चरणामृत वितरित किया गया। अपराह्न में आयोजित संगीतमय हनुमान कथा में भक्त भाव-विभोर नजर आया। महामंडलेश्वर स्वामी अनुराग पुरी (सनातन सन सिद्धि अखाड़ा श्री निरंजनी) ने कथा वाचन करते हुए भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। सायं 6:30 बजे मां गंगा को समर्पित भव्य गंगा आरती मंत्रोच्चार, शंखनाद और दीपों की मनोहारी छटा के बीच संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक छानबे रिंकी कोल, विहिप जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, माता सहाय विहिप जिला मिजार्पुर राम लोचन बिंद (अपना दल यस) अभय तिवारी, मनोज पाठक (शासकीय अधिवक्ता सोनभद्र), रामचंद्र मिश्र (पुजारी हनुमान मंदिर), राजेंद्र प्रसाद पाठक, कृपा शंकर मिश्र, विनोद पाठक (शासकीय अधिवक्ता संचालन), लंबोदर मिश्र (सदस्य न्यास समिति), प्रीत बसंत (दिल्ली, आर्गन), संतोष महाराज (तबला), प्रेम महाराज, सिद्धार्थ समदरिया (पैड) सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का न्यास अध्यक्ष जय शंकर शुक्ल (जय भैया जी) ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं और कार्यकताओं के प्रति आभार जताया है। न्यास के सचिव रजनीश कुमार मिश्र, उपसचिव सुनील कुमार मिश्र व त्रिलोकी नाथ यादव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र तथा लेखाकार प्रमोद कुमार मिश्र ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर प्रयागराज की पूर्व सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी,बाबा तिवारी,आशीष मिश्रा उर्फ मुन्ना तथा रामबाबू मिश्र आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मेजारोड चौकी प्रभारी के नेतृत्व में होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित



**मेजा।** होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को मेजारोड पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी हरिओम सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें मेजारोड व्यापार मंडल के पदाधिकारी और क्षेत्र के संभ्रांत लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान चौकी प्रभारी श्री सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से होली एवं रमजान दोनों पर्वों को शांति सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने त्यौहारों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी होने की दशा में फौरन पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। इसी क्रम में व्यापार मंडल मेजारोड के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा से शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करता रहा है। उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आगामी त्योहारों को भी शांति सौहार्द तथा भाईचारे के बीच सम्पन्न कराने में सभी कारोबारी अपनी महत्व पूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। व्यापार मंडल के महामंत्री ओपी पांडेय ने कहा कि मेजारोड बाजार क्षेत्र में अनुशासन और समन्वय बनाए रखने में सभी व्यापारियों की सामूहिक जिम्मेदारी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध परिस्थिति की जानकारी पर पुलिस प्रशासन को सूचना देने का अनुरोध किया है। इसके अलावा बैठक में बाजार की साफ सफाई यातायात व्यवस्था और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने होली और रमजान को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया है। इस मौके पर प्रधान संघ उरुवा के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी,योगेश शर्मा, आकाश पांडेय,विशाल पटेल, दर्शन तिवारी तथा धीरेन्द्र सिंह आदि के अलावा कई अन्य संभ्रांत लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज प्रथम बच्चों वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** शनिवार को विकास खंड सोरांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज प्रथम में बड़े ही भव्य तरीके से अपने विद्यालय का वार्षिकोत्स्व मनाते हुए आगामी होली पर्व दृष्टिगत बच्चों ने एक आदर्शपूर्ण तरीके से होली खेली वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी होली मिलन स्वरूप एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए एक आपसी भावना का रूप दिखा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप कुमार पासी व विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट प्रयागराज प्रवक्ता रिचा, खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा, खंड विकास अधिकारी सोरांव सुभाष चंद्र यादव, शिक्षक संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी रहे। साथ ही इसी मौके पर पं हनुमान दत्त त्रिपाठी इंटरमीडिएट कॉलेज इस्माइलगंज के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्र, ग्राम प्रधान कमलेश गुप्ता, एआरपी रीता शर्मा, संतलाल विपिन पांडेय, अभिनव उपाध्याय, अखिलेश शुक्ला सभी को माला व बैच लगाकर साथी ही अंग वस्त्र के साथ सभी अतिथियों का सम्मान बढ़ाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों में अधिक मोबाइल फोन प्रयोग करने से किस प्रकार से हानिकारक होता है जिस पर बच्चों की मधुर प्रस्तुति रही इसी क्रम में बच्चों ने डांस, गीत, अंग्रेजी भाषा में भी बच्चों की एक सुन्दर प्रस्तुति रही। गरिमा तिवारी एवं कंजिका पाण्डेय शिक्षिका द्वारा पपेट शो के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा का माहौल होना एवं बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें आदि मधुर प्रस्तुति रही। निपुण बच्चों को मेडल व मोमेंटो के देकर उनको सम्मानित किया। उसी क्रम में पांच अभिभावकों को भी सम्मानित किया बताया की यह पांच ऐसे अभिभावक हैं जो अपने बच्चों की शिक्षण कार्यों, उनके अच्छे संस्कार व अभिभावकों द्वारा बच्चों पर भी शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान देते हैं जिसको लेकर उन्हें एक प्रोत्साहन के रूप में उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका रहीं गरिमा तिवारी एवं कार्यक्रम का बेहतर संचालन शिक्षिका कंजिका पाण्डेय द्वारा रहा। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार पासी ने अपने संबोधन में बतलाया कि विद्यालय एक मंदिर है कोई विद्यालय छोटा नहीं होता छोटी होती है तो केवल सोच। अच्छे काबिल शिक्षक द्वारा ही बच्चों को मिल रही है अच्छी शिक्षा और उन्होंने बच्चों व उनके अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों को निरंतर विद्यालय भेजें और यह भी कहा की आज के बच्चे ही कल का भविष्य कहलायेंगे। उसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा ने भी अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालय आज भौतिक परिवेश और शैक्षणिक गुणवत्ता दोनों में प्राइवेट विद्यालयों से काम नहीं। विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव को लेकर उन्होंने वार्षिकोत्सव की महत्वता पर प्रकाश डाला। और बतलाया कि किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित न होने दे उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों को निरंतर विद्यालय भेजें और यह अभी कहा कि आज प्राथमिक विद्यालयों में भी बच्चों को अच्छे शिक्षा अच्छे संस्कार बदलती दुनिया को देखते हुए कंप्यूटर के क्षेत्र में भी बच्चों को जानकारियां दी जा रही है। और हर बच्चे को शिक्षा को लेकर विशेष जोर दिया। बच्चों को विद्यालय भेजें और उन्हें शिक्षा से वंचित न होने दे क्योंकि आज के बच्चे ही कल किसी न किसी क्षेत्र में अपने मुकाम को हासिल करते हुए देश का नाम भी गर्व से ऊंचा करेंगे। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका राजकुमारी एवं शिक्षिका संध्या आंचल संजू कंचन आदि सभी मौजूद रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

# लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि के सांकेतिक चेक का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** होली से पहले उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत रुपए 1500 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान कर गरीब परिवारों को बड़ी राहत और त्योहार की सौगात दी। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार आयोजित किया गया जिसका अवलोकन विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व उज्जवला योजना के लाभार्थियों एवं जनसामान्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रतीक स्वरूप 10 लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। जनपद में 350 लाभार्थियों को सब्सिडी का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने गरीबों के लिये होली पर्व पर सब्सिडी देने को जो निर्णय लिया वह सराहनीय है, योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के सभी जाति व धर्म के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अब तक कुल 276610 परिवार इस योजना से आच्छादित हो चुके हैं। वर्तमान में संचालित उज्ज्वला-3 के अंतर्गत 5465 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5373 लाभार्थियों को गैस सिलेंडर, चूल्हा और पाइप आदि वितरित किए जा चुके हैं। शेष आवेदनों का सत्यापन कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में उज्ज्वला लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रगति 80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। साथ ही जिले में 70 गैस एजेंसियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त रिफिल प्राप्त करने से पूर्व लाभार्थी को 908 रुपये का भुगतान करना होता है। रिफिल लेने के उपरांत राज्य सरकार द्वारा 558 रुपये तथा केंद्र सरकार द्वारा 350 रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे समय रहते अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, क्योंकि बिना ई-केवाईसी के सब्सिडी का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

## मां काली मन्दिर स्थापना उत्सव को लेकर निकली कलश यात्रा



**लालगंज।** मां काली मन्दिर स्थापना उत्सव एवं महाचण्डी यज्ञ को लेकर शनिवार को पूरे कैथन समापुर में कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। आचार्य आशुतोष जी महराज के नेतृत्व में निकाली गयी कलश यात्रा में सैकडों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति गीतों पर नृत्य करते व अबीर गुलाल उड़ाते भक्त मां काली की भक्ति में मगन नजर आये। कार्यक्रम स्थल से निकाली गयी कलश यात्रा क्षेत्र भ्रमण करते हुए लोगों को सनातन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के आयोजक विमल पटवा एवं राधेश्याम वर्मा ने भक्तों का स्वागत व आभार जताया। कार्यक्रम का संयोजन रामू मिश्र ने किया। इस मौके पर राधेश्याम मिश्र, पूर्व क्षेपंस दीपू सिंह, बीडीसी शिवकुमार जायसवाल, पूर्व प्रधान विन्देश्वरी सरोज, शिवम श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, रिंकू मिश्र, मोनू तिवारी, धीरज पटवा, आशीष विश्वकर्मा, उदयराज मिश्र, विशेषर कोरी, श्यामू वर्मा, अखिलेश सिंह, राजू वैश्य, हरिकेश कोरी, बच्चा मिश्र, सोनू सिंह, मनोज मिश्र, संतोष वर्मा, रिंकू शुक्ल, घनश्याम वर्मा व ओमप्रकाश पटवा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### छापेमारी कर शराब की दुकानों पर लिया सैम्पल



**लालगंज।** होली के त्यौहार को लेकर शनिवार को प्रशिक्षु आईपीएस मो0 आफताब आलम की अगुवाई में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र तथा आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने लालगंज नगर व सांगीपुर क्षेत्र के शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अफसरों ने शराब की दुकान पर मौजूद स्टॉक का सत्यापन किया और जांच के लिए सैम्पल लिया। इस दौरान दुकानदार संचालक से किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं अफसरो ने शराब की दुकानों पर मौजूद खरीददारों को भी शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सचेत किया। सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि होली को देखते हुए शराब संचालकों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये गये हैं। सैम्पल लिये गये शराब की बोतलों को जांच के लिए आबकारी टीम द्वारा लैब में भेजा जाएगा। किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमद्भागतकथा से पहले श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**कुंडा।** लक्ष्मणपुर इलाके के पूरे खुशिहाली में होने वाली सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पहले शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते हुए आसपास के मंदिरों में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। इसके बाद कथा स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुई। कलश यात्रा में कथा व्यास आचार्य आशुतोष के साथ महेन्द्र शुक्ल, कांति शुक्ल, अंकित शुक्ल, विजयशंकर शुक्ल, श्याम शंकर शुक्ल, रविशंकर, प्रेमशंकर, महेन्द्र, रामजी, अमित, प्रमोद, दीपक, संजीव आदि शामिल रहे।

### अनियंत्रित पिकअप पलटी, 12 लोग घायल

**कुंडा।** बाबा हौदेश्वर नाथ धाम पर निशान चढ़ाकर देर रात घर लौटे रही पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इसमें पिकअप सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। वाहन को सीधा कर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। लालगंज अझारा के रामपुर बटोली गांव के लोग शुक्रवार को हथिगवां थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव स्थित बाबा हौदेश्वर नाथ मंदिर पर भगवान भोले नाथ का निशान चढ़ाने गए थे। उनके साथ लालगंज अझारा, संग्रामगढ़ के लोग भी रहे। निशान चढ़ाने के बाद देरात घर लौटते समय जैसे ही वह लोग कुंडा कोतवाली क्षेत्र के विदासिन गांव के सामने पहुंचे। अचानक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों ने वाहन को सीधकर नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में सभी घायलों को सीएचसी भेजा। घायल में लालगंज अझारा निवासी शिवमंगल का 43 वर्षीय बेटा रज्जन, उसकी 40 वर्षीय पत्नी मीना, 22 वर्षीय बेटी अंशिका, अंकित की 14 वर्षीय बेटी प्रिया, रामपुर बटोली निवासी शिवदास की पत्नी विपाता, मनोज की 35 वर्षीय पत्नी सीमा, जगेसर की 44 वर्षीय पत्नी राजकुमारी, मनोज का 13 वर्षीय बेटा अनूप, द्वारिका की 55 वर्षीय पत्नी राजपती, भटनी गांव निवासी भोला की 60 वर्षीय पत्नी बिट्टन शामिल रही। जबकि संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे निहाल सिंह गांव निवासी शिव कुमार की 35 वर्षीय पत्नी शिवपती, दुखीपुर गांव निवासी राधेश्याम पटेल का 25 वर्षीय बेटा धर्मेंद्र पटेल घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद भी तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर डाक्टरो ने प्रयागराज रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### विधि विधान से हुई प्राण प्रतिष्ठा



**कुंडा।** विकासखंड बिहार क्षेत्र के ग्रामसभा तारापुर कन्दई में तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत हनुमान जी महाराज को मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य बादल शुक्ला बकरूआ के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों ने मंत्रोचारण के साथ विधिवत पूजन अर्चन कराया। इसके उपरांत हनुमान जी की शोभा यात्रा भी निकली, जो तारापुर कन्दई से शुरू होकर मां चामुंडा धाम पहुंची जहां पर विधिवत पूजन के उपरांत यात्रा वापस मंदिर प्रांगण पहुंची जहां पर हनुमान जी की मूर्ति मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान ग्राम प्रधान सुरेश मिश्रा रहे।कार्यक्रम में जागरण कार्यक्रम की भी धूम रही। भक्ति गीतों पर भक्तों में भक्ति की लहर दिखी।

### युवक पर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता ने की पुलिस से शिकायत

**पट्टी।** कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर देर शाम तक पंचायत होती रही। गांव निवासी युवती का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने पहले तो उसे अपनी बातों में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शरीरिक संबंध बनाये। उस समय वह नाबालिग थी। जब वह गर्भवती हो गई तो आरोप है कि उसका गर्भपात भी कराया गया। घटना की जानकारी युवती ने युवक के माता-पिता को दी तो उन्होंने आश्वासन दिया। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो युवक के माता-पिता ने शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में देर शाम तक पंचायत चलती रही। चर्चा यह भी रही कि युवक का युवती से विवाह करा दिया गया। उसके बाद भी दोनों पक्ष कोतवाली के सामने ही डटे रहे।

### राजनीति में जुटे ग्रामीण बैंक के शाखा उप प्रबंधक, वीडियो वायरल

**कुंडा।** बाबागंज विकासखंड अंतर्गत कोटा भवानीगंज स्थित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक लोकेश विश्वकर्मा का 22 दिसंबर 2025 को कोटा भवानीगंज शाखा से ट्रांसफर हो गया था। ट्रांसफर के विदाई समारोह के दौरान बने वीडियो में शाखा उप प्रबंधक श्रीकांत यादव ने समाजवादी पार्टी के एक गाने पर रील बनाई और उसे सोशल मीडिया पर वायरलं कर दिया। जिस पर क्षेत्रीय लोगों में काफी आक्रोश है और लोग तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे है। जबकि नियम के मुताबिक कोई सरकारी कर्मचारी अधिकारी सेवा के दौरान किसी राजनीतिक पार्टी का प्रचार प्रसार नहीं कर सकता। स्थानीय जनता ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से बैंक उपप्रबंधक के निलंबन तथा स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

## हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना




**सांगीपुर।** भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष केके सिंह के प्रयास से नवहा (शाहबरी) अयोध्या गोंडा नियमित बस सेवा का शनिवार से संचालन शुरू हो गया। भाजपा नेता के के सिंह राकेश प्रताप सिंह ने परिवन निगम कर्मचारियों की मौजूदगी विधिवत पूजन एवं मंत्रोच्चारण के बीच हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किय। बस का संचालन अमेठी डिपो द्वारा किया जा रहा है। यह बस प्रति दिन सुबह सात बजे नवहा से चलकर अमेठी सुल्तानपुर अयोध्या के रास्ते चलकर एक बजे गोंडा पहुंचेगी। बस के संचालन से इलाके लोगों को अमेठी सुल्तानपुर अयोध्या गोंडा आने जाने में सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश प्रताप सिंह, राम सजीवन वर्मा, रामपाल वर्मा, देवानंद शुक्ला, मनीष सिंह, विभव सिंह, रामखेलावन, कुलदीप एडवोकेट, कृष्ण कुमार पांडेय,अनिल पांडेय ,केशव मिश्र, राजकुमार सिंह, राहुल सिंह, प्रत्यूष सिंह, अभिनव, श्रीराम वर्मा, लल्लन मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिता में विजेताओं का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** क्षेत्र में शिक्षा, संस्कृति और खेल के समन्वय का भव्य उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से एक सप्ताह पूर्व आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों, योग पिरामिड और प्रेरक वक्तव्यों के बीच खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अनुशासन और ऊर्जा का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप मंत्र एवं सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद मंच पर प्रस्तुत गीत, नृत्य, काव्य-पाठ, गजल और समूह नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ह्लऐ गिरि नंदिनीह्व, ह्लनैनों वाले नेह्व, ह्लरंगीलो मारो ढोलनाह्व, ह्लजय मां भवानीह्व और ह्लराधा तेरी चुनरीह्व जैसे नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। शिव तांडव, नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुतियां और लोकगीतों को दर्शकों से विशेष सराहना मिली। योग पिरामिड की प्रस्तुति ने विद्यार्थियों के अनुशासन, संतुलन और टीमवर्क को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष सत्र में एक सप्ताह पूर्व हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानित किया गया। भाला फेंक में सचिन सरोज और साक्षी निर्मल प्रथम, कादिर खान व रानी वर्मा द्वितीय तथा बृजेश वर्मा व अनुष्का तिवारी तृतीय रहे। लंबी दौड़ में बृजेश वर्मा व अवनी सिंह ने प्रथम स्थान पाया, जबकि विनय कुमार व प्रिया सिंह द्वितीय तथा शुभांशु मिश्रा व शताक्षी त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में शिवा दुबे व साक्षी निर्मल प्रथम, सूर्यभान शुक्ला व रेशम सरोज द्वितीय तथा सत्यम सिंह व अवनी सिंह तृतीय रहे। लंबी कूद में बृजेश वर्मा व हिमाचली गोद प्रथम, ओमप्रकाश व रानी वर्मा द्वितीय और अभय सिंह, सत्यम सिंह व शिवानी निर्मल तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा योग पिरामिड प्रतियोगिता में नेहा तिवारी सहित अन्य विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शिवाकांत ओझा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती हैं। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल सीखने का अवसर देते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी, डॉ संदीप कुमार मिश्रा, डॉं. धर्मेंद्र बहादुर सिंह, डॉ सीमा सिंह, डॉ0 लीना सिंह, डॉ0 रविकांत कौशल, डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी, डॉ राहुल, डॉ अनीता त्रिपाठी, डॉं. रोहिणी त्रिपाठी, डॉ. नवीन चंद्रा, डॉ. ओपी द्विवेदी, राकेश मिश्रा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट के दो न्यायमूर्ति ने लिया बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद

फोटो-08 व 09

रवींद्र मिश्रा

**बेलखरनाथ धाम।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो न्यायमूर्ति बाबा बेलखरनाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर आरती उतारी। इस दौरान जस्टिस ने बाबा बेलखरनाथ शिव मंदिर के विषय में पुजारी से पूरी जानकारी ली। शनिवार को पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेपी तिवारी व राम मनोहर नारायण मिश्रा बाबा भोलेनाथ के दरबार पहुंचकर भगवान शिव का दर्शन पूजन कर आरती उतारी तथा दोनों जस्टिस ने बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर के विषय में मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान न्यायमूर्ति के साथ जिला जज राजीव कमल पांडेय, अपर जिला जज सुल्तानपुर राकेश पांडेय सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।





### तीन मार्च को बंद रहेगा मंदिर का कपाट .

चंद्र ग्रहण के चलते 3 मार्च को बाबा बेलखरनाथ धाम शिव मंदिर का कपाट सुबह 9,से शाम 7 बजे तक सूतक काल के कारण बंद रहेगा।इस दौरान भक्तों का दर्शन पूजन नहीं हो सकेगा।यह जानकारी मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी दी है।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला घर से लापता

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के नन्दईपुर गांव की रहने वाली 55 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं लग सका है। नन्दईपुर निवासी पारसनाथ ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी अमरावती (55) मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। वह 27 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे घर से कहीं चली गईं और उसके बाद से वापस नहीं लौटीं। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और आसपास के संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। महिला के अचानक लापता होने से परिजन काफी परेशान हैं। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पारसनाथ ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देते हुए महिला को खोजने की गुहार लगाई। मामले में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और पुलिस द्वारा महिला की तलाश की जा रही है। परिजनों के साथ-साथ पुलिस भी संभावित स्थानों पर खोजबीन में जुटी हुई है।

## एनएसएस शिविर में हरित होली संग पर्यावरण संरक्षण संदेश



**लालगंज।** राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कृष्णा नगर मोहनगंज जलेसरगंज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के चैथे दिन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय क्रांतिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि अजय क्रांतिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम जल, वृक्ष और पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रखेंगे तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों से हरित होली मनाने की अपील की। स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर फूलों के साथ हरित होली खेलते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं अंजलि, काजल द्विवेदी, कोमल, सुनीता, क्रांति, अतिमा एवं शिवम गुप्ता ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं स्वच्छता गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रमाधिकारी प्रमोद कुमार, संतोष मिश्र, पंकज मिश्र, रवि प्रकाश यादव, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, धीरेंद्र एवं सोनम आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में नौ शिकायतों में दो का हुआ निस्तारण




**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस पर लालगंज में प्रशिक्षु आईपीएस ने एसडीएम व सीओ के साथ फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। प्रशिक्षु आईपीएस मो0 आफताब आलम, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र ने समस्याओं पर सुनवाई करते हुए शिकायतों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण हेतु मातहतो को निर्देशित किया। थाना समाधान दिवस पर कुल नौ शिकायतें आयीं। इनमें से दो शिकायतों का निस्तारण कराया गया। प्रशिक्षु आईपीएस ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाय। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने किया।

## धोखाधड़ी से हड़पे इक्यान्वे हजार, केस दर्ज

**लालगंज।** फोन पर धोखाधड़ी करते हुए आरोपी के खाते से इक्यान्वे हजार हड़प लिये जाने की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे नरायनदास गांव की रूबी देवी पत्नी राहुल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः फरवरी को सुबह करीब ग्यारह बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर गांव की सुनीता देवी पत्नी रमेश कुमार मौर्य ने उससे बातचीत शुरू किया। पीडिता का आरोप है कि गर्भवती महिला को सरकारी लाभ दिलाने के नाम पर बातचीत के जरिए आरोपियों ने दो बार में इक्यान्वे हजार खाते से हड़प लिया। धोखाधड़ी होने की जानकारी होने पर पीड़िता आवाक रह गयी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रशासन अलर्ट, पर्वो को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा हिंदू-मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक पुलिस लाइन के टिन शेड सभागार में आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि बाजारों में सुरक्षा, साफ-सफाई और निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। डीएम ने कहा होलिका दहन ग्रामसभा के निर्धारित स्थलों पर ही किया जाये, किसी के व्यक्तिगत जमीन पर न किया जाये इसका विशेष ध्यान दिया जाये। डीएम ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के आधार पर ही बजाया जाए। यदि जांच के दौरान डीजे तय मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी चेतावनी दी है कि सड़कों पर स्टंट करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। बैठक के दौरान व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यशैली की खुलकर सराहना की। डेरवा के एक ज्वैलरी व्यापारी ने जिलाधिकारी द्वारा कैंप लगाकर शस्त्र लाइसेंस वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों को काफी सहूलियत मिली है। एक अन्य व्यापारी ने कहा कि जब से डीएम और एसपी ने एक साथ जिले की कमान संभाली है, तब से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिला है। उन्होंने दोनों अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें ह्यराम-लक्ष्मण की जोड़ीह्ण की संज्ञा दी और कहा कि प्रशासनिक समन्वय का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। बैठक के अंत में प्रशासन और व्यापार मंडल के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने, नियमित संवाद स्थापित करने तथा किसी भी समस्या के त्वरित समाधान पर सहमति बनी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनसहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व शांति समिति के सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## कॉम्प्रोमाइज्ड कौन है, नजर आ रहा है

**पीएम** इज कॉम्प्रोमाइज्ड, कांग्रेस का ये नया सूत्रवाक्य इस समय मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। राहुल गांधी ने ये बात संसद में कही, इसके बाद इसी वाक्य वाले टी शर्ट्स के साथ युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने एआई समिट में प्रदर्शन किया। मंगलवार को राहुल गांधी ने भोपाल में किसान महापंचायत में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते का सच बताते हुए भी यही वाक्य कहा और किसानों को बताया कि कैसे उनके भविष्य को खतरे में डालकर नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के साथ भारत के लिए घाटे का सौदा किया है। कॉम्प्रोमाइज्ड शब्द का असर इतना गहरा हुआ कि अब भाजपा ने भी इसी का इस्तेमाल गांधी परिवार पर हमला करने के लिए किया। बुधवार को पीयूष गोयल ने एक पोस्ट में पं.नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी इन सबके नाम के साथ कॉम्प्रोमाइज्ड लिखकर आरोप लगाया कि चारों के सत्ता में रहने के दौरान भारत में क्या-क्या गलत हुआ। नेहरूजी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी अब इस दुनिया में नहीं हैं, वहीं सोनिया गांधी प्रधानमंत्री कभी नहीं रहीं, यूपीए के दोनों कार्यकाल में डॉ.मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री थे। हालांकि भाजपा ने उनके जीवित रहते कई बार उनका अपमान किया और मृत्यु के बाद अंतिम विदाई में भी अनादर ही किया। लेकिन गनीमत है कि कॉम्प्रोमाइज्ड शब्द का इस्तेमाल उनके लिए नहीं किया। वैसे भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार और अभी खासतौर पर राहुल गांधी ही रहते हैं। तो भाजपा ने यही कहा कि राहुल गांधी का पूरा परिवार ही कॉम्प्रोमाइज्ड है। भाजपा को मुगालता है कि उसके ऐसे हमलों से अब वो सवाल उठने बंद हो जाएंगे, जिन पर नरेन्द्र मोदी बुरी तरह घिरे हुए हैं। लेकिन उसके लिए ज्यादा झटके वाली बात यह रही।

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

-: ललित गर्ग:-

**देश** में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो



घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या ह्यकुछ बननेह्न का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है।

भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी।

# बाह्य ऋण, विकास और वैश्विक जिम्मेदारी: भारत की आर्थिक रणनीति

अरुण डनायक

**हाल** के समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार से दूरी बनाए रखने की प्रवृत्ति के चलते बाह्य ऋण पर निर्भरता बढ़ने की संभावना बनी है, जिससे कंपनियों के लिए विनिमय-दर जोखिम का प्रबंधन और अधिक जटिल तथा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारत का बाह्य ऋ ण संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है।

आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में बाह्य ऋण किसी भी राष्ट्र के लिए एक अपरिहार्य यथार्थ बन चुका है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। मध्य-आय जाल की स्थिति में विकास की गति बनाए रखने, अवसंरचना, उद्योग और सामाजिक क्षेत्र में निवेश तथा विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाह्य पूंजी की आवश्यकता बनी रहती है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने बाह्य उधारी को अंधानुकरण नहीं, बल्कि एक सुविचारित नीति-उपकरण के रूप में अपनाया है। इसका उपयोग मुख्यतः अवसंरचना, ऊर्जा, परिवहन, औद्योगिक विस्तार और वित्तीय स्थिरता के लिए किया गया है।

विशेष रूप से, बाह्य वाणिज्यिक उधारी और आवश्यकता पड़ने पर आईएमएफ से प्राप्त ऋ णों ने निजी क्षेत्र को भुगतान-संतुलन बनाए रखने में सहायता दी, जिससे निवेश, उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन को बल मिला। संविधान के अनुच्छेद 293 के तहत राज्यों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी ऋ ण लेने की सीमित संभावना होती है, और अधिकांश बाह्य उधारी केंद्र सरकार के



माध्यम से होती है , जिससे ऋ ण प्रबंधन और वित्तीय स्थिरता को संस्थागत रूप से नियंत्रित रखा जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, जून 2025 के अंत तक केंद्र और राज्यों का कुल बाह्य ऋ ण 747.2 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सितंबर 2025 में हल्का घटकर लगभग 746 अरब डॉलर रह गया–अर्थात समग्र स्तर पर स्थिरता बनी रही। यह जून 2024 के 681.5 अरब डॉलर की तुलना में वार्षिक आधार पर 9.6 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के माध्यम से उधारी प्रवाह में वृद्धि के संकेत मिले; दिसंबर माह में अकेले 4.43 अरब डॉलर की नई ईसीबी जुटाई गई, जिससे अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान कुल जुटाई गई राशि लगभग 27.5 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह आंकड़े प्रवाह को दशार्ते हैं, न कि कुल बकाया स्टॉक को। इससे संकेत मिलता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय कंपनियां अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों तक अपनी पहुंच बनाए हुए हैं।

ऋण राशि बढ़ने के बावजूद बाह्य ऋण-से-जीडीपी अनुपात मार्च 2025 के 19.1 प्रतिशत से घटकर 18.9 प्रतिशत रह गया है, जो दशार्ता है कि आर्थिक वृद्धि ऋ ण वृद्धि से तेज रही। यद्यपि केंद्रीय सरकार की सकल राजस्व प्राप्तियों (रुपए 34.96 लाख करोड़) की तुलना में बाह्य ऋण का स्तर ऊंचा प्रतीत होता है, फिर भी यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार अभी जोखिम की सीमा के भीतर है।

हाल के समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार से दूरी बनाए रखने की प्रवृत्ति के चलते बाह्य ऋण पर निर्भरता बढ़ने की संभावना बनी है, जिससे कंपनियों के लिए विनिमय-दर जोखिम का प्रबंधन और अधिक जटिल तथा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारत का बाह्य ऋ ण संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है। 82 प्रतिशत दीर्घकालिक, अल्पकालिक मात्र 18.1प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार से 93प्रतिशत से अधिक आच्छादन, ऋण-सेवा अनुपात केवल 6.6प्रतिशत तथा परिसंपत्ति-दायित्व अनुपात 79.25प्रतिशत होने के कारण तात्कालिक जोखिम न्यूनतम है। यद्यपि डॉलर पर अपेक्षाकृत अधिक निर्भरता से विनिमय-दर जोखिम उत्पन्न होता है, लेकिन लगभग 700 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार द्वारा 93 प्रतिशत से अधिक बाह्य ऋ ण का आच्छादन इस जोखिम को प्रभावी रूप से संतुलित करता है। रुपये की डॉलर के मुकाबले हाल की कमजोरी का असर सीधे कुल बाह्य ऋण की राशि पर नहीं पड़ता। इसका मुख्य प्रभाव ऋण-सेवा लागत, ब्याज भुगतान और भविष्य में ऋण के पुनर्भुगतान पर पड़ता है, जिससे कंपनियों और सरकार की वित्तीय योजना पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है।

आम धारणा के विपरीत, भारत का बाह्य ऋण किसी एक देश या संस्था पर केंद्रित नहीं है। इसका स्वरूप विविध और संतुलित है– 40 प्रतिशत वाणिज्यिक उधारी (अंतरराष्ट्रीय बांड और विदेशी बैंक), 22 प्रतिशत एनआरआई जमाएं, 11 प्रतिशत विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं, 5 प्रतिशत जापान जैसे द्विपक्षीय ऋणदाताओं, तथा आईएमएफ की 21.6 अरब डॉलर की सीमित देनदारियां (मुख्यतः 1991 के संकट से जुड़ी)। भारत ने वर्षों से आईएमएफ से कोई नया कार्यक्रम ऋण नहीं लिया, जिससे नीति-स्वायत्तता बनी रही।

# मां तुझे सलाम, यही है असली वंदेमातरम

सर्वमित्रा सुरजन

**अपने** बेटे को जेल में देखकर भी मां कहे कि हमें आज भगत सिंह की जरूरत है, तो ऐसी मां को हजार सलाम, जो बिना घबराए अपने बेटे को न केवल हौसला दे रही हैं, बल्कि बाकी युवाओं को भी ऐसे अन्याय के खिलाफ खड़े होने का आह्वान कर रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल उत्तराखंड के कोटद्वार से आई, जहां जिम प्रशिक्षक दीपक की मां ने उन्हें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की परवरिश दी।

वंदे मातरम का असली मतलब अगर भाजपा के लोग समझते तो कभी उसे अपनी संकीर्ण मानसिकता के साथ राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं करते। लेकिन भाजपा के लिए वंदे मातरम का उद्घोष भी वैसा ही है, जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी मां के संघर्ष को बयां करें। देश से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पर नरेन्द्र मोदी ने न केवल अपनी गरीबी का रोना रोया, बल्कि अपनी मां के संघर्षों का जिक्र कर आंसू बहाए, ताकि सहानुभूति मिल सके। इसके बाद जन्मदिन पर कैमरे के कई एंगल्स के बीच उनके हाथ से प्रसाद खाना या उनके पैरों पर बैठना जैसे उपक्रम भी उन्होंने किए ताकि मां-बेटे के प्यार का राजनीतिक इस्तेमाल हो सके। हालांकि जब तक नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री रहे, उनकी मां का ऐसा सार्वजनिक जिक्र हुआ हो, याद नहीं पड़ता। क्या प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें अपनी मां के करीब



होने की जरूरत ज्यादा पड़ी, यह सोचने वाली बात है। नोटबंदी के फैसले को सही ठहराने के लिए प्रधानमंत्री ने अपनी मां को बैंक की कतार में भी खड़ा कर दिया था और जब उनके जीवन के आखिरी दिनों में जब वे आईसीयू में थीं, तब भी कई कैमरों के साथ नरेन्द्र मोदी आईसीयू में पहुंचे थे, यह भी सबने देखा है। उनकी मौत के बाद भी मां की ममता को राजनैतिक फायदे के लिए भुनाने की कोशिशें उन्होंने की, याद कीजिए कि बिहार चुनाव के वक्त वे गयाजी में उनका पिंडदान करने वाले थे, जबकि यह काम पहले उनके भाई वाराणसी में कर चुके थे। दो-दो बार पिंडदान कर मोदी न केवल अपनी दिवंगत मां का अपमान करते, बल्कि हिंदू धर्म का भी अनादर ही होता। लेकिन समरथ को नहीं दोष गुंसाईं को मोदी ने शायद कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले लिया है कि वे कुछ भी करेंगे और सवाल नहीं उठेंगे।

बहरहाल, मां के नाम को भुनाने का ताजा उदाहरण नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में रेपिड मेट्रो के उद्घाटन पर दिया, जहां भाषण देने के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निकृष्ट से निकृष्टतम शब्दों का इस्तेमाल कर हमला किया, इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस के लोग उनकी मां को अपशब्द कहते हैं। जबकि बिहार चुनाव के दौरान हुए इस प्रकरण में कांग्रेस का हाथ है, ऐसा कहीं साबित नहीं हुआ है। लेकिन इस समय नरेन्द्र मोदी एपस्टीन फाइल्स, अमेरिका से ट्रेड डील, ऑपरेशन सिंदूर पर उठे सवाल, मनरेगा को खत्म करना, हरदीप पुरी को संरक्षण जैसे कई मुद्दों पर इतनी बुरी तरह घिरे हुए हैं कि उनकी बौखलाहट अब खुलकर जाहिर होने लगी है। मोदी को यह समझ नहीं आ रहा कि सार्वजनिक तौर पर रोने-धोने की चालाकी से अब सियासी फायदा नहीं मिलेगा, क्योंकि लोग भी देश की हकीकत देख रहे हैं। और जिन्हें अब तक हकीकत नजर नहीं आई, उन्हें भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन कर दिखा दिया ।

## विधानसभा में गूंजेगी गाजीपुर की आवाज: अमृता राय का राज्य स्तरीय युवा संसद में चयन

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** गाजीपुर के लिए गर्व का क्षण तब आया जब मुहम्मदाबाद थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय की छात्रा अमृता राय का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के लिए हुआ। उन्होंने 28 फरवरी 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान अर्जित किया।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखे। अमृता राय ने तार्किक विश्लेषण, स्पष्ट अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुति के बल पर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनके भाषण में सामाजिक सरोकार, लोकतांत्रिक मूल्यों और युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर रहा, जिसने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग पहचान दिलाई। अब राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश विधान सभा में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित मंच पर अमृता राय गाजीपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए ।

## भदोही में पीस कमेटी की बैठक: त्योहारों पर शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**भदोही। आगामी** त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना भदोही परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान तथा डिजिटल वॉलिंटियर उपस्थित रहे। बैठक में होली, ईद-उल-फितर, नवरात्रि और रामनवमी जैसे आगामी पर्वों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने सभी से



आपसी भाईचारे और सामंजस्य बनाए रखने की अपील की। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति कोई भी शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा और सार्वजनिक मार्गों को बाधित कर आयोजन करने की अनुमति नहीं होगी।

अधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

## रमजान और होली के मद्देनजर शांति समिति की अहम बैठक आयोजित

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत आगामी रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार शाम करीब 5 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना से त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार



की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।बैठक के दौरान नागरिकों ने नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने की मांग उठाई। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष रईस अहमद ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान स्वच्छता, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर का वितरण

अखंड भारत संदेश

सुलतानपुर । विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सुलतानपुर के पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी द्वारा विधायक सदर, मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गयातत्पश्चात कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन जी द्वारा महिला सशक्तीकरण अभियान, उज्जवला से बना ऊजार्वान होली



के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का लखनऊ से सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। तदोपरान्त मा0 विधायक सदर व मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा प्रतीक स्वरूप 5 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत डेमो चेक, सिलेंडर का वितरण किया गया।

## माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों एवं अनुदेशको के मानदेय वृद्धि की घोषणा पर शिक्षकों ने जताई खुशी,व्यक्त किया आभार

अखंड भारत संदेश

**सुलतानपुर । ब्लाक** करौंदीकला बीआरसी पर उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्र आदर्श शिक्षा मित्र एसोसियेशन के जिला संरक्षक के सी मिश्र एवं ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय एवं अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह द्वारा लम्बे समय से प्रतीक्षा कर रहे शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशको के मानदेय वृद्धि पर महापर्व होली से पहले खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाकर माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ



शिक्षक दिनेश प्रजापति राजेन्द्र प्रसाद यादव राम नाथ बिंद संयुक्त मंत्री आरएसएम इन्द्र मणि मिश्र कोषाध्यक्ष आरएसएम,मनोज रंजन,मनोज यादव नन्द लाल तारावती गौतम,ममता तिवारी अनीता देवी विकास नारायण झा आशीष श्रीवास्तव राकेश कुमार विजय यादव,आलोक रंजन शगुन कुमार कुलदीप मौर्य सहित बहुत से शिक्षक शिक्षा मित्र एवं अनुदेशको द्वारा भी मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## पीपल का पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन, बोला हैप्पी ग्रीन बेल्ट डे

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर । जिले** की अग्रणी समाजसेवी संस्था इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के महासचिव विपिन कुमार मिश्रा एडवोकेट ने एक अनोखी पहल करते हुए अपने बेटे के जन्मदिन पर राजकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में सी एम एस कार्यालय के सामने पीपल का वृक्ष लगाकर,एवं मौके पर उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान खिलाकर बेटे अक्षज मिश्र का जन्मदिन बनाया और लोगों से अपील किया की आप सब भी वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य का हिस्सा बनिए और पर्यावरण को हराभरा बनाने में अपना भी योगदान दें। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष रमाशंकर पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि पीपल के वृक्ष में देवताओं का निवास होता है



इसलिए हम सभी को इसकी सेवा करना चाहिए। और सी एम एस डा आर के मिश्रा ने भी पीपल वृक्ष की महत्ता को बताते हुए कहा कि पीपल के वृक्ष से ही सबसे शुद्ध और सबसे अधिक मात्रा में आक्सीजन मिलता है इसलिए हम सभी को अपने आस पास के खाली जगहों पर पीपल का वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी अनुराग पाण्डेय,संजय सिंह, संतोष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा एडवो,सत्यम शुक्ला एडवो, रजनीश मिश्रा एडवो, जीतेन्द्र यादव एडवो आदि लोग उपस्थित रहे !!

ब्लैकमेल व जान से मारने की धमकी, महिला का अश्लील वीडियो वायरल

## पुलिस ने गंभीर आरोपों में की शांति भंग की मात्र कार्रवाई, पीड़िता सदमे में

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज। नगर** के निवासी एक महिला ने एक युवक पर ब्लैकमेल करने, जान से मारने की धमकी देने और अश्लील वीडियो वायरल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक भदोही को शिकायती पत्र देकर अपने व पति की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार वार्ड निवासी एक दबंग युवक लंबे समय से उसे धमका रहा है। आरोपी महिला से जबरन मिलने और अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाता था। आरोप है कि युवक ने कहा कि यदि वह उसकी बात नहीं मानेगी तो उसका




अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके पति की हत्या कर देगा। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसका वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल भी कर दिया है।

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी स्वयं को पुलिस चौकी का वालंटियर बताता है और खुलेआम कहता है कि पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

## पंचायत सहायकों को बनाया जा रहा तकनीकी रूप से सक्षम

अखंड भारत संदेश

**भदोही । जिले** समस्त विकास खण्डों के पंचायत सहायक का चार चार दिवसीय अनाआवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायती राज निदेशालय के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भदोही के राजकीय आई टी आई कालेज पिपरिस फत्तूपुर भदोही में 9 वें बैच में ब्लॉक सुरियावां के पंचायत सहायकों के तृतीय दिवस प्रशिक्षण के दौरान उप निदेशक पंचायत मिजार्पुर मंडल, जिला पंचायत राज अधिकारी भदोही, वरिष्ठ फैकल्टी एवं सहायक फैकल्टी डी पी आर सी भदोही मौजूद रहे विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में उपस्थित मास्टर ट्रेनर ने सतत विकास लक्ष्य के 17 लक्ष्य एवं नौ थीम गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव, वाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव , ग्राम पंचायत विकास योजना, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, कोरम व कार्यों के बारे में बताया वहीं ने कम्प्यूटर के बेसिक जानकारी एम एस एक्सेल,एम एस वार्ड, पावर प्वाइंट के बारे , ने ई-ग्राम स्वराज, पंचायत गेटवे , पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

जिले के डीघ भदोही डीघ अभोली सुरियावां औराई के पंचायत सहायकों का बारी बारी से 4 दिनों का प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किया जा रहा है।

# फार्मर रजिस्ट्री में सुस्ती बर्दाश्त नहीं, 15 मार्च डेडलाइन के साथ सख्त चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक सख्ती साफ नजर आई। जनपद में 1,37,349 पंजीकरण लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 93,993 रजिस्ट्री पूर्ण होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और स्पष्ट चेतावनी दी कि शेष कार्य हर हाल में 15 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल न होने पर संबंधित लेखपालों और उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को पोर्टल या पंजीकरण प्रक्रिया में आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि डेटा फीडिंग में कोई बाधा न आए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चन्द्र शेखर सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और लेखपाल मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक लेते डीएम

### लापरवाही पर स्वास्थ्य विभाग का डंडा, दो अस्पतालों का पंजीकरण निरस्त, एक को नोटिस

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पतालों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कार्रवाई की है। 11 फरवरी 2026 को जारी नोटिस का संतोषजनक स्पष्टीकरण न देने और गंभीर लापरवाही पाए जाने पर 19 फरवरी 2026 को एमएस पटेल हॉस्पिटल सोनेपुर रोड कर्वी तथा प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव में जीवन वर्षा हॉस्पिटल, पहाड़ी रोड कर्वी का पंजीकरण जनहित में निरस्त कर दिया गया। वहीं राजापुर स्थित नारायण हॉस्पिटल औचक निरीक्षण में बिना पंजीकरण संचालित मिलता पाया गया, जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्रवाई से निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया है।

## कमाऊ मुखिया की मौत पर सहारा- 567 परिवारों को 30-30 हजार की आर्थिक मदद

- सीधे खाते में पहुंचेगी सहायता राशि
- राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से राहत

**चित्रकूट।** जिले में असमय कमाऊ मुखिया की मृत्यु से टूटे परिवारों के लिए राहत की खबर है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने फरवरी माह में 247 नए लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 567 परिवारों को योजना का लाभ स्वीकृत किया जा चुका है। नवीन स्वीकृत 247 लाभार्थियों को प्रति परिवार 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता बजट उपलब्धता के आधार पर पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित प्रणाली द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। योजना के तहत यदि परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य (महिला या पुरुष) की मृत्यु 18 से 60 वर्ष की आयु के बीच हो जाती है, तो परिजन ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और बैंक खाता विवरण अनिवार्य है। पात्रता के अनुसार शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56,460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। पात्र परिवारों से अपील की गई है कि समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

## एक ही रात में दो सड़क हादसे, चित्रकूट की सड़कों पर फिर बुझीं दो जिंदगियां

### अलग-अलग हादसों में दो परिवार उजड़े

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** जिले में शुक्रवार की रात सड़कें एक बार फिर खून से लाल हो गईं। पहाड़ी थाना क्षेत्र के कौहारी मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 35 वर्षीय बुद्धराज पुत्र केशव निवासी छिपनी बाहर खेड़ा, कोतवाली कर्वी की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, वह बांदा के ओरन से पहाड़ी के महाराजपुर स्थित अपनी ससुराल लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। गंभीर हालत में उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसी रात कर्वी थाना क्षेत्र के धनुष चौराहा पर 37 वर्षीय भैरव प्रसाद उर्फ लालजी निवासी शोभा सिंह का पुरवा, एसडीएम कॉलोनी, सब्जी लेने निकले थे कि एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कर जांच शुरू कर दी है। एक ही रात में दो परिवारों की खुशियां उजड़ने से शहर में शोक और सड़क सुरक्षा को लेकर गहरे सवाल खड़े हो गए हैं।

## डीएम की मुहर, हजारों बुजुर्गों को सहारा- 44 हजार से अधिक खातों में पहुंची पेंशन की रकम

### तीसरी तिमाही में बड़ा ट्रांसफर, ई-पेमेंट से सीधे खातों में धनराशि

**चित्रकूट।** जिले में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्गों के लिए आर्थिक संबल का मजबूत आधार बनती जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की स्वीकृति से माह फरवरी में 683 नए पेंशनरों को लाभ प्रदान किया गया, जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 6049 लाभार्थियों की पेंशन स्वीकृत हो चुकी है। यही नहीं, तृतीय त्रैमासिक किस्त में जनपद के 44,697 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित ई-पेमेंट द्वारा धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई है। योजना के तहत पात्र वृद्धजनों को प्रति तिमाही 3000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके और निर्धारित आय सीमा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण व शहरी नागरिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अथवा बीपीएल सूची की प्रति तथा कोर बैंकिंग प्रणाली से जुड़े बैंक खाते की आवश्यकता होगी। प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं तथा अधिक जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी या जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन से संपर्क करें।

## जिला अस्पताल में प्रेरणा मिलेट्स कैंटीन की शुरूआत, आत्मनिर्भरता और सेहत का संगम




प्रेरणा मिलेट्स कैंटीन में बैठे अधिकारीगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 28 फरवरी मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित प्रेरणा मिलेट्स कैंटीन का उद्घाटन किया। इस कैंटीन में मरीजों व नागरिकों के लिए पौष्टिक मिलेट्स उत्पादों से बने नाश्ते उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीसी एनआरएलएम/ नरेगा, डीएमएम, बीएमएम सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। यह पहल सेहत और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## जिले के कस्तूरबा विद्यालयों में स्वास्थ्य की नई पहल, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें स्थापित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में जनपद के चार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं की स्वास्थ्य सुरक्षा और गरिमामय शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों की स्थापना की गई है। प्रदेश सरकार एवं समग्र शिक्षा अभियान के निदेशों के अनुपालन में यह पहल मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता और सुविधा दोनों को एक साथ मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शासनादेश के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय में निर्धारित मानकों के अनुसार ब्रांडेड एवं इको-फ्रेंडली मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनकी गुणवत्ता, क्षमता और तकनीकी विशिष्टताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति ने पारदर्शी और वित्तीय नियमों के तहत पूरी प्रक्रिया संपन्न की। मशीनों को बालिका शौचालयों में गोपनीयता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप भौतिक सत्यापन के बाद स्थापित किया गया है। साथ ही विद्यालय स्तर पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) क्लब गठित करने के निर्देश दिए गए हैं, जो छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा तथा मशीनों के नियमित उपयोग और रख-रखाव की निगरानी करेगा।




कस्तूरबा विद्यालय में लगी वेंडिंग मशीन

## रिक्रूट पुलिस आरक्षियों की दौड़ से बदलेगा शहर का रूट, सुबह 6 से 9 बजे तक डायवर्जन

### मानिकपुर रोड पर यातायात रहेगा प्रतिबंधित, 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़

**चित्रकूट।** चित्रकूट में 1 मार्च 2026 की सुबह पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों की 10 किलोमीटर लंबी क्रॉस कंट्री दौड़ के चलते शहर का ट्रैफिक रूट बदला रहेगा। आरटीसी पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की बाह्य विषय अंतिम परीक्षा के अंतर्गत यह दौड़ प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगी। प्रस्तावित रूट पुलिस लाइन गेट नंबर-02 से शुरू होकर शीतलपुर तरौहा मोड़ (मानिकपुर रोड) तक जाएगा और पुनः पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर समाप्त होगा। सुरक्षा और सुचारु आयोजन को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में पुलिस लाइन गेट नंबर-02 से शीतलपुर तरौहा मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कर्वी से मानिकपुर जाने वाले वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग-35 से डायवर्ट कर बोड़ी पोखरी मार्ग से भेजा जाएगा, जबकि मानिकपुर से कर्वी आने वाले वाहनों को सरैया तिराहा से मोड़कर बोड़ी पोखरी होते हुए एनएच-35 के रास्ते कर्वी पहुंचाया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

## बीच सड़क पुलिस दरोगा का कॉलर पकड़ गरजा सपा नेता, चार सिपाही बने मूकदर्शक

**अखंड भारत संदेश**

- मुझे आतंकवादी मत बनाओ-आरोपी
- ऑन ड्यूटी दरोगा से धक्का-मुक्की
- राजनीति की आड़ में कानून को ललकार

**चित्रकूट।** जिले में कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां सपा से जुड़ा दबंग नेता ऑन ड्यूटी दरोगा का कॉलर पकड़कर बीच सड़क गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करता रहा। घटना शुक्रवार शाम करीब 4रू:0 बजे रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी चौराहे पर स्थित कृषक इंटर कॉलेज के सामने हुई, जब दरोगा सुभाष राम एक मारपीट के मामले की जांच के सिलसिले में पहुंचे थे। आरोपी दद्दू यादव, जो भौंरी गांव का निवासी और राजनीतिक रूप से सक्रिय बताया जा रहा है, अपने भाई चुनबद्दा यादव के साथ दुकान पर बैठा था। पूछताछ के दौरान थाने चलने को कहने पर वह बौखला उठा और सरेराह दरोगा का कॉलर पकड़ लिया। मुझे आतंकवादी मत बनाओ, वारंट है क्या? कहते हुए वह चार पुलिसकर्मियों के सामने बदसलूकी करता रहा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी आरोपी को सख्ती से पकड़ने के बजाय समझाने में जुटे दिखे, जबकि एक पुलिसकर्मी घटना का वीडियो बनाता रहा। बताया गया कि एक सप्ताह पूर्व दद्दू और उसके भाई पर मोहम्मद इदरीश के साथ बेरहमी से मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसकी जांच स्वयं दरोगा सुभाष राम कर रहे हैं। आरोप है कि उसी मामले में दबाव बनाने के उद्देश्य से यह दुस्साहस किया गया। आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं- क्या राजनीतिक रसूख के दम पर कानून को यूं ही सरेआम चुनौती दी जाती रहेगी, या फिर वर्दी की गरिमा की रक्षा के लिए सख्त संदेश दिया जाएगा?

## 17 लाख आंखों की रोशनी देने वाले युगपुरुष ने कहा अंतिम अलविदा, नेत्र सेवा के सूर्य डॉ जैन अस्त हुए

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती ने 27 फरवरी 2026 की शाम एक ऐसे युगपुरुष को विदा किया, जिसने लाखों जीवनों में रोशनी भरकर सेवा का नया इतिहास रचा। पद्मश्री डॉ बुधेन कुमार जैन (बीके जैन), श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विश्वविख्यात श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक, शाम लगभग चार बजे अंतिम सांस लेते हुए प्रभु चरणों में विलीन हो गए। पिछले कुछ महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे डॉ जैन का उपचार मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन से समूचे विंध्य सहित देशभर में शोक की लहर है। रविवार सुबह 10 बजे नेत्र चिकित्सालय परिसर में उनका अंतिम संस्कार होगा। 1948 में जन्मे डॉ जैन 1974 से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जुड़े और लगभग 52 वर्षों तक सेवा की अलख जगाते रहे। उन्होंने करीब 17 लाख लोगों की आंखों की रोशनी लौटाई। सामुदायिक नेत्र चिकित्सा में उनके योगदान को पद्मश्री सहित अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। वर्ष 2023 में इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी ने उन्हें लिविंग लीजेंड घोषित कर विशेष सम्मान दिया। डॉ. जैन केवल चिकित्सक नहीं, सेवा और संवेदना की जीवित प्रतिमूर्ति थे। उनके जाने से एक युग, एक विचार और सेवा समर्पण की उज्ज्वल परंपरा का अध्याय पूर्ण हुआ।



पद्मश्री लेते हुए दिवंगत डॉ बीके जैन

## युवाओं के श्रमदान से महका विद्यालय परिसर, सात दिवसीय एनएसएस शिविर का प्रेरक समापन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुशवाहा बस्ती में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा के करकमलों से गरिमामय वातावरण में हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुए इस सेवा अभियान ने पूरे सप्ताह विद्यालय परिसर और गांव में स्वच्छता, अनुशासन और जागरूकता की नई लकीर खींच दी। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया, घर-घर जाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन का पाठ पढ़ाया। बौद्धिक सत्रों में होली गीत, लोकगीत और सामाजिक उत्थान पर आधारित प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय कुमार नायक ने समयबद्धता और अनुशासन का महत्व बताया, जबकि मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा ने युवाओं के जज्बे को समाज के लिए नई दिशा बताया। प्रतिवेदन और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ, लेकिन सेवा का संकल्प गांव की मिट्टी में अपनी छाप छोड़ गया।




एनएसएस शिविर में बोलती प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा

# सिर्फ जेफ्री एप्स्टीन ही नहीं, दो रूसी महिलाओं से भी थे संबंध

**अमेरिका**

**अमेरिकी** उद्यमी बिल गेट्स ने मंगलवार को अपने गैर-लाभकारी संगठन गेट्स फाउंडेशन की टाउन हॉल बैठक में यौन अपराध के मामलों में दोषी जेफ्री एप्स्टीन से अपने संबंध के बारे में बात की और अपने कृत्यों की जिम्मेदारी ली। गेट्स फाउंडेशन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, बिल ने खुलकर बात की और कई सवालों के विस्तार से जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने अपने संगठन के कर्मचारियों से माफी मांगी, लेकिन इस बात पर जोर दिया है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया।

वॉल स्ट्रीट जर्नल में मंगलवार को छपी एक खबर में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने यह भी स्वीकार किया कि उनके दो रूसी महिलाओं के साथ संबंध थे और उन्होंने ऐसी गलतियां कीं जिसके कारण परोपकार में लगे उनके समूह की छवि संदेह के दायरे में आई। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने एप्स्टीन के अपराधों में भाग नहीं लिया।



अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एप्स्टीन मामले की जांच से संबंधित दस्तावेजों में गेट्स का नाम कई बार सामने आया है।

न्याय मंत्रालय की फाइल में गेट्स और एप्स्टीन के बीच परमार्थ परियोजनाओं के बारे में ईमेल पत्राचार, उनकी मुलाकातों की तारीखों को दशार्ने वाली कैलेंडर प्रविष्टियां और उन कार्यक्रमों में गेट्स की तस्वीरें शामिल हैं जिनमें दोनों उपस्थित थे। गेट्स पर एप्स्टीन से जुड़े किसी भी गलत काम में संलिप्तता का आरोप नहीं है और उन्होंने एप्स्टीन के अपराधों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है। गेट्स ने कहा कि वह एप्स्टीन से परमार्थ कार्यों के बारे में चर्चा करने के लिए मिले थे और उन्हें विश्वास था कि एप्स्टीन वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों के लिए धन जुटाने में मदद कर सकते हैं। गेट्स ने इस महीने की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के 9न्यूज को बताया, उनके साथ बिताए हर पल पर मुझे पछतावा है और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। पिछले महीने न्याय मंत्रालय ने एप्स्टीन से संबंधित लाखों दस्तावेज जारी किए थे जिसके बाद से इस मामले में गेट्स की तस्वीरों और उनके नाम के जिक्र ने लोगों का काफी ध्यान आकर्षित किया है।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में संबोधन से अपना नाम वापस लिया

पिछले सप्ताह गेट्स ने नयी दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में संबोधन से अपना नाम वापस ले लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ध्यान एआई समिट की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ही केंद्रित रहे।

# कनाडा भारत के लिए परेशान करने वाली चीजों को कैसे दूर कर रहा है?

**कनाडा**

**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे में एक खास बात छूट गई है। कार्नी पंजाब नहीं जा रहे हैं, जो उनके पहले के प्रधानमंत्री के रिवाज से अलग है, जिसे ज्यादातर राज्य से आए बड़े भारतीय समुदाय को ध्यान में रखकर देखा गया था। घरेलू राजनीति को किनारे रखकर, कार्नी ने इशारा किया है कि उनका भारत दौरा आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने और जस्टिन ट्रूडो के समय खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर बिगड़े दो-तरफा रिश्तों को फिर से बनाने के बारे में ज्यादा था।

पिछले साल पद संभालने के बाद से, कार्नी ने ट्रूडो के समय भारत के साथ कनाडा के खराब रिश्तों के भूत को दफनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। यह बात कि 10 महीनों में कार्नी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यह तीसरी मीटिंग होगी -- उन देशों के लिए एक बहुत बड़ा पल जो एक साल पहले ही डिप्लोमैट्स को निकाल रहे थे और एक-दूसरे पर तीखे हमले कर रहे थे- यह दिखाता है कि हालात कैसे बदल गए हैं।

डिप्लोमैटिक रिश्तों में नरमी एक दिन में नहीं आई। इसे बनने में महीनों लग गए। हमारे साथ बने रहें क्योंकि हम आपको बताते हैं कि भारत और कनाडा के लिए सितारे कैसे एक साथ आए।

कनाडा भारत के लिए परेशान करने वाली चीजों को कैसे दूर कर रहा है?

सबसे नई बात बुधवार को आई, जब कार्नी मुंबई के लिए निकलने वाले थे। कनाडा सरकार ने साफ किया कि भारत अब अपनी जमीन पर होने वाले हिंसक अपराधों से जुड़ा नहीं है- इस बदलाव से ओटावा में सिख एक्टिविस्ट नाराज हैं।

उइउ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक



सीनियर सरकारी अधिकारी ने मीडिया से कहा, "अगर हमें लगता कि भारत कनाडा की डेमोक्रेटिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से दखल दे रहा है, तो शायद हम यह यात्रा नहीं करते।"

यह कनाडा के रुख में एक अहम बदलाव था। अक्टूबर 2024 में, ट्रूडो सरकार ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी कनाडा में हिंसक आपराधिक गतिविधियों और भारतीय अधिकारियों के बीच संबंधों का आरोप लगाया था। भले ही भारत ने इन दावों से इनकार किया, लेकिन कनाडा ने भारत के हाई कमिश्नर और दूसरे डिप्लोमैट्स को पसोर्ना नॉन ग्राटा घोषित करके तनाव बढ़ा दिया। नई दिल्ली ने भी वैसा ही जवाब दिया।

एक हफ़्ते पहले, कार्नी सरकार ने चुपचाप 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की नागरिकता रद्द कर दी। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी राणा, पिछले साल वर से एक्सट्रैडाइट होने के बाद अभी भारत में ट्रायल का सामना कर रहा है।

CTV की रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि कनाडा ने अपने बदले हुए रुख के पीछे के कारण साफ तौर पर नहीं बताए हैं, लेकिन अधिकारियों ने भारत के साथ "सिस्टेमैटिक एंगेजमेंट" पर जोर दिया है, जिसमें मिनिस्टीरियल लेवल भी शामिल है।

कनाडा-भारत के रिश्ते कैसे टूटे?

फिर भी, कनाडा के स्ट्रेटेजिक कदमों ने ट्रूडो के समय में आई दिक्कतों को दूर करने में काफी मदद की है। रिश्तों में गिरावट सितंबर 2023 में शुरू हुई जब ट्रूडो ने भारत से लौटने के कुछ दिनों बाद जून में एक गुरुद्वारे के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में मोदी सरकार के शामिल होने का आरोप लगाया। भारत ने तुरंत इन आरोपों को "मोटिवेटेड" बताते हुए खारिज कर दिया।

इसके बाद एक बड़ा डिप्लोमैटिक स्टैंडऑफ हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के डिप्लोमैट्स को निकाल दिया। भारत ने बराबरी की मांग की, जिससे कनाडा को देश में अपने मिशन से 41 डिप्लोमैट और उनके परिवारों को वापस बुलाना पड़ा। भारत ने वीजा सर्विस भी सस्पेंड कर दीं, जिससे रिश्ते अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए।

इस डिप्लोमैटिक झगड़े की जड़ में लंबे समय से चला आ रहा खालिस्तानी मुद्दा था, जिसमें पंजाब से एक अलग राज्य बनाने की मांग शामिल है।

दशकों से, खालिस्तानी मुद्दे को लेकर कनाडा में पॉलिटिकल सोच चुनावी गणित से बनती रही है। मार्च 2025 में ऑफिस संभालने वाले कार्नी ने उस रास्ते से हटने का इरादा दिखाया है।

# क्या शेख हसीना ने नहीं दिया था इस्तीफा?

**बांग्लादेश**

**पड़ोसी** मुल्क बांग्लादेश की राजनीति आजकल किसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म जैसी हो गई है। शेख हसीना के देश छोड़ने के महीनों बाद भी 'इस्तीफे के लेटर' और 'असंवैधानिक सरकार' जैसे शब्दों को लेकर वहां जबरदस्त घमासान मचा हुआ है। ताजा मामला राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के बीच ठन जाने का है।

हाल ही में राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कुछ ऐसे खुलासे किए जिसने ढाका से लेकर दिल्ली तक सबको चौंका दिया। राष्ट्रपति ने यूनुस सरकार के कई फैसलों को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें एक तरह से 'हाउस अरेस्ट' (नजरबंद) कर दिया गया था, उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने से रोका गया और कई बार राष्ट्रपति पद से हटाने की कोशिश भी की गई।

उन्होंने अमेरिका और यूनुस सरकार के बीच सीक्रेट डील होने का भी दावा किया।

उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने अमेरिका के साथ एक 'गुपचुप' व्यापार समझौता किया, जिसके बारे में उन्हें (देश के राष्ट्रपति को) अंधेरे में रखा गया।



राष्ट्रपति के इन बयानों पर अब जमात-ए-इस्लामी के चीफ शफीकुर रहमान भड़क गए हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट लिखकर राष्ट्रपति को ही कटघरे में खड़ा कर दिया।

गायब इस्तीफे की मिस्ट्री

रहमान का कहना है कि 5 अगस्त (जिस दिन हसीना ने देश छोड़ा) को राष्ट्रपति ने देश से कहा था कि उन्हें इस्तीफा मिल गया है, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि उनके पास इस्तीफे का कोई सबूत ही नहीं है। जमात चीफ ने सवाल उठाया कि राष्ट्रपति उस दिन कुछ और कह रहे थे और आज सुर क्यों बदल रहे हैं?

इस पूरी लड़ाई की जड़ वह 'रेजिग्नेशन लेटर' है, जिसका अता-पता किसी को नहीं है।

अगस्त 2024: राष्ट्रपति ने टीवी पर कहा, "हसीना ने इस्तीफा दे दिया है और मुझे मिल गया है।"

अक्टूबर 2024: राष्ट्रपति ने कहा, "मैंने बहुत ढूंढा पर इस्तीफा नहीं मिला, शायद हसीना को साइन करने का वक्त ही नहीं मिला।"

# भारत के पोल्ट्री बिजनेस के लिए खाड़ी देशों से एक बुरी खबर आई

**सऊदी अरब**

**भारत** के पोल्ट्री बिजनेस के लिए खाड़ी देशों से एक बुरी खबर आई है। सऊदी अरब ने भारत से आने वाले चिकन और अंडों के आयात पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। इस फैसले ने न केवल भारतीय निर्यातकों की नींद उड़ा दी है, बल्कि पोल्ट्री फार्म चलाने वाले किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

सऊदी अरब के अधिकारियों ने इस कड़े कदम के पीछे मुख्य रूप से हेल्थ और सेफ्टी का हवाला दिया है। वहां की सरकार को डर है कि एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के चलते संक्रमण फैल सकता है। साथ ही सऊदी अरब अपने खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर काफी सख्त हो गया है, और फिलहाल भारतीय पोल्ट्री उत्पाद उन पैमानों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं।

किसानों और कारोबारियों पर क्या होगा असर?

सऊदी अरब भारत के लिए एक बहुत बड़ा मार्केट था। इस अचानक लगे ब्रेक के कई गहरे असर होने वाले हैं कि जो किसान एक्सपोर्ट के भरोसे अपनी आय बढ़ाने का सपना देख रहे थे, उन्हें भारी वित्तीय नुकसान झेलना पड़ सकता है। साथ ही जब माल बाहर नहीं जाएगा, तो वह देश के भीतर ही बिकेगा। इससे घरेलू बाजार में चिकन और अंडों की भरमार हो जाएगी, जिससे इनकी कीमतें काफी नीचे गिर सकती हैं। आम जनता के लिए तो यह अच्छी खबर हो सकती है, लेकिन



पोल्ट्री फार्मर्स के लिए यह घाटे का सौदा होगा। इस कारण अब एक्सपोर्टर्स को मजबूरी में नए देशों के दरवाजे खटखटाने होंगे, लेकिन रातों-रात लॉजिस्टिक्स और मार्केटिंग स्ट्रैटेजी बदलना इतना आसान नहीं होता।

ग्लोबल ट्रेड का 'पेचीदा' खेल

सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई और देश भी इस समय आंशिक प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। इससे इंटरनेशनल मार्केट में पोल्ट्री ट्रेड का पूरा ढांचा ही हिल गया है। यह स्थिति हमें याद दिलाती है कि ग्लोबल ट्रेड कितना नाजुक है—एक छोटी सी बीमारी या हेल्थ अलर्ट पूरे बिजनेस को चौपट कर सकता है।

अब गेंद भारत के पॉलिसी मेकर्स और एक्सपोर्टर्स के पाले में है। उन्हें न केवल अपने सेफ्टी स्टैंडर्ड्स सुधारने होंगे, बल्कि किसानों को इस आर्थिक झटके से उबारने के लिए ठोस कदम भी उठाने होंगे।

# जेफरी एपस्टीन से संबंधों की जांच बनी वजह?

**अमेरिका**

**वर्ल्ड** इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्ज ब्रेंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका यह फैसला तब आया है जब उनके और जेफरी एपस्टीन के बीच संबंधों की जांच की खबरें सामने आई हैं।

इस्तीफे की मुख्य वजह

अमेरिकी न्याय विभाग की जानकारी के अनुसार, बोर्ज ब्रेंडे ने जेफरी एपस्टीन के साथ तीन बार बिजनेस डिनर किए थे। इसके अलावा, दोनों के बीच ईमेल और मैसेज के जरिए भी बातचीत हुई थी। हालांकि ब्रेंडे ने अपने इस्तीफे में सीधे तौर पर एपस्टीन का नाम नहीं लिया है, लेकिन माना जा रहा है कि इस जांच के कारण ही उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया।

ब्रेंडे ने अपने बयान में क्या कहा?

गुरुवार को जारी बयान में ब्रेंडे ने कहा, 'मैंने बहुत सोच-समझकर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष और सीईओ पद से हटने का फैसला किया है। यहां बिताए साढ़े आठ साल मेरे लिए बहुत खास रहे हैं।' उन्होंने अपने साथियों और सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि अब सही समय है ।

# फिर अंग्रेजों की तानाशाही!

**ब्रिटेन**

**पूर्वी** ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में स्थित 'भारत हिंदू समाज मंदिर' और कम्युनिटी सेंटर के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। स्थानीय पीटरबरो सिटी काउंसिल (ढउउ) द्वारा उस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया गया है, जिसे मंदिर पिछले 4 दशकों से किराये पर इस्तेमाल कर रहा है। इस फैसले के बाद 13,000 से अधिक हिंदुओं की आस्था के केंद्र के बंद होने का डर सता रहा है।

मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर



पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरूआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि ह्लसंपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारीह्व है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, ह्लहम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए।

इसमें कहा गया, ह्यह्ययह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का

# अब दुनिया में मचेगी तबाही!

**उत्तर कोरिया**

**उत्तर कोरिया** के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन का व्यक्तित्व दुनिया के लिए एक अनसुलझी और खौफनाक पहेली की तरह है। उन्हें आधुनिक युग के सबसे निर्मम और क्रूर तानाशाहों में गिना जाता है, जिनका शासन 'भय' और 'रक्तपात' की नींव पर टिका है। किम जोंग उन के राज में उत्तर कोरिया एक ऐसी 'अंधेरी दुनिया' बन चुका है, जहाँ मानवाधिकारों का कोई अस्तित्व नहीं है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने चेतावनी दी कि अगर उनकी सुरक्षा को खतरा हुआ तो परमाणु-संपन्न देश दक्षिण कोरिया को ह्यह्यपूरी तरह से मिटाह्लह्ल सकता है। उन्होंने सियोल के साथ बातचीत करने से एक बार फिर इनकार कर दिया।

सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी की एक बैठक के समापन के दौरान उन्होंने अगले पांच वर्षों के लिए अपने नीतिगत



लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वाशिंगटन से बातचीत के लिए अपने रास्ते खुले रखे। हाल के वर्षों में किम ने सियोल के प्रति अपनी बयानबाजी को और तीखा कर दिया है और उसके साथ कूटनीति के प्रति अपनी अस्वीकृति पर जोर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सैन्य संघर्ष की आशंका नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक व्यापक रणनीति को आगे बढ़ाना है, जिसके तहत किम के परमाणु हथियारों और मॉस्को तथा बीजिंग के साथ संबंधों के बल पर उत्तर कोरिया की अधिक मजबूत और प्रभावशाली भूमिका स्थापित करना है। आधिकारिक ह्लकोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसीह्व ने कहा कि किम ने अपनी परमाणु-संपन्न सेना को मजबूत करने के लिए नयी हथियार प्रणालियों को विकसित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में उनके परमाणु और मिसाइल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास ने देश को परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में उभारा है।

उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका लंबे समय से रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे उत्तर कोरिया के प्रति अपनी कथित ह्लशत्रुतापूर्णह्व नीतियों को छोड़ना होगा। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया का अंतर-कोरियाई संबंधों को शत्रुतापूर्ण रूप में परिभाषित किया जाना खेदजनक है और सियोल शांति के प्रयासों को धैर्यपूर्वक जारी रखेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# हमारा जम्मू-कश्मीर बजट आपके IMF पैकेज से दोगुना

**जिनेवा**

**जिनेवा** में चल रहे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में भारतीय कूटनीति का एक अलग ही तेवर देखने को मिला। जब पाकिस्तान और ओआईसी ने हमेशा की तरह कश्मीर का राग अलापा, तो भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने उन्हें ऐसे करारे जवाब दिए कि पूरी महफिल में सन्नाटा पसर गया। सीधे शब्दों में कहें तो भारत ने पाकिस्तान को उसकी हकीकत बताते हुए साफ कह दिया कि वह "ला-ला लैंड" (ख्याली दुनिया) में जीना बंद करे।

अनुपमा सिंह ने बिना किसी लाग-लपेट के साफ कर दिया कि जम्मू-कश्मीर पर किसी भी तरह की चर्चा का कोई मतलब ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। 1947 का 'इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट' और अंतरराष्ट्रीय कानून गवाह हैं कि कश्मीर का भारत में विलय पूरी तरह कानूनी और अटल था। इसलिए पाकिस्तान का प्रोपेगेंडा या ऊंची आवाज में की गई बयानबाजी इस सच को बदल नहीं सकती।

अनुपमा ने जोर देकर कहा कि अगर कोई मुद्दा बचा है, तो वह है पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर किया गया अवैध कब्जा। उन्होंने दो टूक शब्दों में पाकिस्तान से उन इलाकों को खाली करने को कहा। भारत ने पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली पर भी चुटकी ली और अनुपमा



सिंह ने कुछ ऐसे आंकड़े पेश किए जो पाकिस्तान के लिए काफी चुभने वाले थे। उन्होंने बताया कि अकेले जम्मू-कश्मीर का विकास बजट, पाकिस्तान द्वारा हाल ही में IMF (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) से मांगे गए बेलआउट पैकेज से भी दोगुने से ज्यादा है। और इतना ही नहीं पिछले साल जम्मू-कश्मीर में 'चेनाब रेल ब्रिज' का उद्घाटन हुआ जो कि दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है। प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान को यह विकास "फर्जी" लगता है, तो यकीनन वह किसी और ही दुनिया में जी रहा है।

जब पाकिस्तान ने भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए, तो अनुपमा सिंह ने करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि एक ऐसा देश जहाँ चुनी हुई सरकारें अपना कार्यकाल तक पूरा नहीं कर पातीं, वहाँ से लोकतंत्र पर ज्ञान लेना काफी हास्यास्पद है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुए रिकॉर्ड मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की जनता ने हिंसा और आतंकवाद की विचारधारा को सिरे से खारिज कर दिया है और वे अब विकास और लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ चुके हैं।

भारतीय दूत के अनुसार, पाकिस्तान की बयानबाजी केवल जलन से भरी हुई है। भारत के बढ़ते कद और कश्मीर की बदलती तस्वीर को देख पाना शायद पड़ोसी मुल्क के लिए मुश्किल हो रहा है। जिनेवा के इस मंच से भारत ने यह संदेश दे दिया है कि अब वह केवल बचाव नहीं करेगा, बल्कि तथ्यों के साथ प्रोपेगेंडा की धज्जियां भी उड़ाएगा।